मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 98
शनिवार, 19 अक्टूबर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## राजग राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने, गरीबों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धः पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 18 अक्टूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनके मंत्रिमंडल के पंचकूला में शपथ ग्रहण समारोह के बाद यहां एक पांच सितारा होटल में राजग मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई, जिसमें 17 मुख्यमंत्री और 18 उपमुख्यमंत्री शामिल हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमने सुशासन के पहलुओं और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के तरीकों पर व्यापक चर्चा की। हमारा गठबंधन राष्ट्रीय उन्नति को आगे बढ़ाने और गरीबों तथा वंचितों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले कई वर्षों में राजग मुख्यमंत्रियों की यह इस तरह की पहली बैठक थी। वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जे पी नड्डा इस बैठक में शामिल थे। बैठक के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री व भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुशासन पर जोर दिया।

नड्डा के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा, लोगों के हित में, सुशासन पर ध्यान देने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपातकाल लागू होने के 50 साल पूरे होने पर गृह मंत्री अमित शाह ने एक प्रस्ताव रखा।



उन्होंने कहा, 1975 में आपातकाल के साथ लोकतंत्र की हत्या हुई थी। 2025 में हम लोकतंत्र की हत्या पर चर्चा करेंगे। हम संविधान की हत्या करने वालों को भी बेनकाब करेंगे और लोगों को बताएंगे कि कैसे उन्होंने संविधान को कुचलने और इसकी मूल भावना का गला घोंटने की कोशिश की।

राजनाथ सिंह ने 2025 में संविधान का अमृत महोत्सव मनाने का प्रस्ताव रखा। नड्डा के अनुसार, प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि यह सभी के लिए खुशी की बात है कि बुधवार को जम्मू कश्मीर में नयी सरकार के कार्यभार संभालने के बाद पहली बार वहां शपथ ग्रहण समारोह भारत के संविधान के तहत हुआ। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री को राज्य के संविधान के तहत शपथ दिलाई जाती थी। नड्डा ने कहा कि स्वतंत्र भारत में पहली बार मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर में भी भारत के संविधान के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## यूक्रेन युद्ध रोक सकते हैं मोदी तो धुंआ क्यों नहीं? पंजाब सीएम भगवंत मान ने पूछा सवाल

**पंजाब, 18 अक्टूबर।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है। पंजाब और हरियाणा में पराली जलाना फिर से फोकस में आ गया है। हालाँकि, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यह मुद्दा पूरे उत्तर भारत में फैला हुआ है। इसके बाद मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर पीएम मोदी यूक्रेन युद्ध को रोक सकते हैं जैसा कि उन्होंने प्रचार में दिखाया, तो क्या वह उत्तर भारत में पराली जलाने और उसके बाद निकलने वाले धुएं को नहीं रोक सकते? भगवंत मान ने कहा कि पराली जलाने का मामला किसी एक राज्य तक सीमित नहीं है. यह पूरे उत्तर भारत का मसला है. यदि प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन युद्ध को रोक सकते हैं



जैसा कि उन्होंने विज्ञापन में दिखाया है, तो क्या वे यहां धुआं नहीं रोक सकते? उन्हें सभी राज्यों को एक साथ बैठाना चाहिए, मुआवजा देना चाहिए, वैज्ञानिकों को बुलाना चाहिए। अक्टूबर में दिल्ली के आसपास छाई धुंध के लिए पंजाब जिम्मेदार रहा है। बुआई के मौसम से पहले खेत से धान की फसल के अवशेषों को हटाने के लिए किया जाने वाला पराली जलाने से पड़ोसी राज्य दिल्ली में हवा प्रदूषित होती है। भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में किसान न तो पराली जलाना चाहते हैं और न ही धान की खेती करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि धान की खेती वैकल्पिक फसल एमएसपी के अभाव में होती है। भगवंत मान ने कहा कि जब धान पैदा होता है तो किसानों की तारीफ होती है, लेकिन पराली का क्या? फिर वे जुमार्ना वसूलना चाहते हैं। हमें नहीं पता कि पंजाब का धुआं दिल्ली पहुंचता है या नहीं, लेकिन धुआं सबसे पहले किसान और उसके गांव को नुकसान पहुंचाता है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य किसानों के लिए मुआवजे की मांग कर रहा है ताकि पराली जलाने पर रोक लगाई जा सके, लेकिन केंद्र ने उनसे इसके बजाय किसानों को इस प्रथा के खिलाफ प्रोत्साहित करने को कहा।

## हरियाणा में किडनी मरीजों का होगा फ्री इलाज: नायब सिंह सैनी

**हरियाणा, 18 अक्टूबर।** भाजपा के नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में आज अपना कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालते ही उन्होंने हरियाणा के लोगों के लिए बड़ा फैसला लिया है। डीपीआर हरियाणा ने बताया कि कार्यभार संभालने के बाद सीएम नायब सिंह सैनी ने राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में क्रोनिक किडनी रोगियों के लिए मुफ्त डायलिसिस सेवाओं की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी मेडिकल कॉलेजों में भी निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में



नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को दूसरी बार हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद नायब सिंह सैनी ने एक्स पर एक लंबा पोस्ट साझा किया है। अपने पोस्ट में नायब सिंह सैनी ने लिखा कि नॉनस्टॉप हरियाणा के विकास और नवनिर्माण को गतिमान रखने वाले जनादेश के लिए सर्वप्रथम 2.80 करोड़ अपने परिवारजनों का हार्दिक आभार। उन्होंने लिखा कि मेरे जैसे एक सामान्य परिवार से आने वाले कार्यकर्ता को हरियाणा का मुख्य सेवक बनने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी हरियाणा से आपका विशेष स्नेह हमें निरंतर परिश्रम करने के लिए असीमित ऊर्जा प्रदान करता है। सैनी ने लिखा कि आपके प्रेरणादायी नेतृत्व में हरियाणा विकास की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श कर रहा है। विकास की ये नॉनस्टॉप यात्रा प्रदेश में सतत जारी रहेगी। पूर्ण बहुमत की तीसरी बार भाजपा सरकार पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ सुशासन, समानता और गरीब कल्याण के लिए काम करेगी।

## जम्मू-कश्मीर सरकार का पहला प्रस्ताव अनुच्छेद 370 पर नहीं होना बड़ा झटका : पीडीपी

**श्रीनगर, 18 अक्टूबर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार का पहला प्रस्ताव जिसमें अनुच्छेद 370 को नहीं, बल्कि राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की गई है, एक बड़ा झटका है और यह केंद्र के 2019 के फैसलों के अनुसमर्थन से कम नहीं है। एक अन्य राजनीतिक दल, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने भी प्रस्ताव की गोपनीयता पर सवाल उठाया है। यह प्रतिक्रिया जम्मू स्थित समाचार पत्र डेली एक्सेलसियर द्वारा प्रकाशित एक खबर के बाद आई है, जिसमें कहा गया है कि मंत्रिमंडल ने एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया है।



खबर में यह भी कहा गया है कि मुख्यमंत्री प्रस्ताव का मसौदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सौंपने के लिए दिल्ली जाएंगे। अभी तक इस खबर की कोई आधिकारिक पुष्टि या खंडन हालांकि नहीं हुआ है। पीडीपी की युवा इकाई के अध्यक्ष और पुलवामा से नवनिर्वाचित विधायक वहीद पर्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राज्य के दर्जे पर उमर अब्दुल्ला का पहला प्रस्ताव पांच अगस्त, 2019 के निर्णय के अनुसमर्थन से कम नहीं है। अनुच्छेद 370 पर कोई समाधान नहीं निकलना और मांग को केवल राज्य के दर्जे तक सीमित कर देना एक बहुत बड़ा झटका है, खासकर अनुच्छेद 370 को बहाल करने के वादे पर वोट मांगने के बाद।

पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के प्रमुख सज्जाद लोन ने आश्चर्य व्यक्त किया कि कैबिनेट द्वारा पारित राज्य का प्रस्ताव रहस्य और गोपनीयता में क्यों लिपटा हुआ है कि केवल एक अखबार ही इसे प्रकाशित करता है। लोन ने एक्स पर कहा, मुझे उम्मीद है कि जम्मू-कश्मीर के सीएस (मुख्य सचिव) ने अधिसूचना जारी कर दी होगी, क्योंकि यह प्रोटोकॉल है। हंदवाड़ा से निर्वाचित विधायक लोन ने हालांकि कहा कि प्रस्ताव कैबिनेट की बजाय विधानसभा में पारित किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, मैं बहुत विनम्रता से कहना चाहता हूं कि जम्मू-कश्मीर के लोगों की इच्छा विधानसभा में झलकती है, मंत्रिमंडल में नहीं। मंत्रिमंडल शासन की एक बहुसंख्यक संस्था है। यह जम्मू-कश्मीर के लोगों की इच्छा के अनुसार सभी भावनाओं और विचारों को प्रतिबिंबित नहीं करता है। उन्होंने कहा, जहां तक मेरी जानकारी है, पूरे देश में राज्य का दर्जा या अनुच्छेद 370 जैसे बड़े मुद्दों के समाधान के लिए विधानसभा ही उचित संस्था है। उन्होंने सवाल किया, जब नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार ने स्वायत्तता पर प्रस्ताव पारित किया, तो उन्होंने इसे विधानसभा में पारित किया, मंत्रिमंडल प्रस्ताव के माध्यम से नहीं। अब क्या बदलाव आया है? समझ में नहीं आता कि इस प्रस्ताव को विधानसभा के लिए क्यों नहीं रखा जाना चाहिए था। हम हर चीज को इतना महत्वहीन क्यों बना रहे हैं। अलगाववाद छोड़कर मुख्यधारा की राजनीति में आए लोन ने कहा कि उन्हें यह देखना भाएगा कि विधानसभा में जब राज्य का दर्जा और अनुच्छेद 370 का प्रस्ताव पेश किया जाएगा तो भाजपा और अन्य पार्टियां किस तरह मतदान करती हैं।

## फरीदाबाद में सिलेंडर फटने से दादा, दादी, पोते की मौत

**फरीदाबाद, 18 अक्टूबर।** फरीदाबाद के भाकरी गांव में बृहस्पतिवार को देर रात रसोई गैस का सिलेंडर फटने से दादा-दादी और 14 साल के पोते की मौत हो गई। पुलिस के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि भाकरी गांव में रहने वाले 55 वर्षीय सरजीत अपने मकान के निचले हिस्से में हार्डवेयर की दुकान चलाते थे।

रात को सरजीत अपनी पत्नी बबीता और 14 साल के पोते कुणाल के साथ पहली मंजिल पर सो रहे थे। बताया जाता है कि रसोई गैस के सिलेंडर में से गैस रिसाव हो रहा था और आधी रात के बाद आग लग गई तथा सिलेंडर फट गया। प्रवक्ता के अनुसार, सिलेंडर फटने से सरजीत के मकान की छत गिर गई



और वह, उनकी पत्नी और पोता मलबे में दब गए। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। करीब एक घंटे बाद मलबा हटा कर तीनों को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उनकी जान जा चुकी थी। पुलिस के अनुसार, विस्फोट के कारण सरजीत के बगल वाले मकान की भी छत गिरी और तीन लोग मलबे में दब कर घायल हो गए। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## फिर मिलेंगे वादे के बीच इंडिया कारपेट एक्स्पों से विदा हुए आयातक व निर्यातक

- **दावा : चार दिनी इस मेले में लगी विभिन्न स्टॉलों से विदेशी खरीदारों एवं उनके प्रतिनिधियों ने जमकर खरीदारी व पूछताछ की**
- **मेले में कुल 38 देशों के 235 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और 255 खरीद प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया**

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** एक्स्पों मार्ट, भदोही में कारपेट इक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल (सीईपीसी) के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसिय इंटरनेशनल इंडिया कारपेट एक्सपो का शुक्रवार को समापन हो गया। इसी के साथ अगले फेयर में मिलेंगे के वाद के साथ देश के कोने-कोने से आएं स्टॉल लगाने के वाले निर्यातक हंसी-खुशी अपने-अपने गंतव्यो को लौट गए। दावा है कि इन चार दिनों में हस्तशिल्प मेले में लगी विभिन्न स्टॉलों से विदेशी खरीदारों एवं उनके प्रतिनिधियों ने जमकर खरीदारी व पूछताछ की। उम्मींद है कि निर्यातकों का कारोबार इस मेले से अच्छा जायेगा। इस चार दिवसीय मेले में 38 देशों के 235 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और 255 खरीद प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। भारतीय हस्तनिर्मित कालीनों की समृद्ध परंपरा और उत्कृष्ट कारीगरी को प्रदर्शित करते हुए न केवल व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ाएगा बल्कि भारतीय हस्तशिल्प की समृद्ध विरासत को भी प्रदर्शित करेगा।

सीइपीसी के चेयरमैन कुलदीप राल वट्टल ने कहा कि यह एक्स्पों



निर्यातकों के लिए एक मिसाल हैं। उन्होंने कारीगरों से संवाद करते हुए उनके काम की सराहना की और कहा, भारतीय कारीगरों का शिल्प कौशल दुनिया भर में प्रशंसा पा रहा है, और यह मेला उन्हें वैश्विक खरीदारों के साथ जुड़ने का एक अद्भुत अवसर प्रदान करता है। यह मेला भारतीय कालीनों की डिजाइन, गुणवत्ता और विपणन क्षमता पर विदेशी खरीदारों का विश्वास बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि विदेशी खरीदारों के साथ-साथ, यह मेला हमारे देश के कारीगरों और शिल्पकारों के लिए अत्यधिक लाभदायक साबित होगा। इस एक्सपो ने महत्वपूर्ण व्यावसायिक सहयोगों के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

सीईपीसी थीम पैवेलियन में लाइव कालीन बुनाई का प्रदर्शन, जिसमें आगंतुकों को हस्तनिर्मित कालीनों के पीछे की बारीक कारीगरी की झलक देखने को मिली। जिला जेल, ज्ञानपुर के कैदियों द्वारा बनाए गए कालीन, जिन्हें उनकी कलात्मक गुणवत्ता और सामाजिक प्रभाव के लिए व्यापक सराहना मिली। इन अनोखे आकर्षणों ने विदेशी खरीदारों को प्रभावित किया, जिससे एक्सपो के सांस्कृतिक आयाम को बढ़ावा मिला और कला एवं पुनर्वास प्रयासों को प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान किया। एक्सपो के दौरान बड़े पैमाने पर निर्यातको को आर्डर आर्डर प्राप्त हुए, जिससे दीर्घकालिक व्यावसायिक संबंधों की नींव पड़ी। एक अनुमान के मुताबिक इस एक्सपो से लगभग 450-500 करोड़ रुपये का व्यापार कारोबार हआ है।

## मैं आयुर्वेद और एक समग्र जीवनशैली का प्रबल समर्थक : प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़

**नई दिल्ली, 18 अक्टूबर।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने समग्र जीवनशैली के लिए आयुर्वेद को आवश्यक करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि आयुर्वेद से उनका जुड़ाव उस समय शुरू हुआ जब वैश्विक महामारी के दौरान उन्हें कोविड हुआ और ठीक होने के लिए उन्होंने पूरी तरह से पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और समग्र दृष्टिकोण पर भरोसा किया।

चंद्रचूड़ ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) द्वारा आयोजित समग्र आयुर्वेद के लिए अनुसंधान और वैश्विक अवसरों में प्रगति पर एक



अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी की दूसरी और तीसरी लहर के दौरान जब उन्हें कोविड हुआ तब उन्होंने एलोपैथिक दवाओं का सेवन बिल्कुल नहीं किया।

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, मैं आयुर्वेद और समग्र जीवनशैली का प्रबल समर्थक हूं। आयुष से मेरा जुड़ाव कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान शुरू हुआ। यह वह समय था जब निवारक स्वास्थ्य सेवा का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया था।

चंद्रचूड़ ने कहा, महामारी की दूसरी और तीसरी लहर के दौरान जब मैं कोविड-19 से संक्रमित हुआ तो मैंने कोई एलोपैथिक दवा नहीं ली। इसके बजाय मैंने पूरी तरह से आयुर्वेदिक उपचार और समग्र दृष्टिकोण पर भरोसा किया, जिससे इसकी उपचार क्षमता में मेरा विश्वास और मजबूत हुआ। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा एक पारंपरिक प्रणाली है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन पर जोर देती है।



# बांग्लादेश में हिन्दूओं पर अत्याचार, सख्त कार्रवाई की दरकार



-ललित गर्ग

बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों एवं हिन्दुओं पर हो रहे हमलें, मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में मुकुट का चोरी होना, हिन्दू अल्पसंख्यकों से जबरन इस्तीफा के लिये दबाव बनाने की घटनाएं, दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले चिन्ता के बड़े कारण हैं, यह हिन्दू अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की साजिश एवं षडयंत्र है, जिस पर भारत सरकार को गंभीर होने के साथ इन पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दिया जाना शर्मनाक एवं विडम्बनापूर्ण है। नई दिल्ली में बांग्लादेश के हिन्दू-अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर बार-बार चिंता तो व्यक्त की जा रही है, लेकिन करारा एवं सख्त संदेश देने की कोई कोशिश होती हुई नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार के शासन में यदि ऐसी घटनाओं पर सख्ती नहीं बरती गयी तो फिर कब बरती जायेगी? यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिन्दुओं एवं हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर रहना किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख श्री मोहन भागवत ने नागपुर में विजयदशमी पर्व पर आयोजित रैली को सम्बोधित करते हुए हिन्दुओं पर हो रहे इन हमलों को लेकर बड़ा संदेश दिया है, अपेक्षा है सरकार भी जैसे को तैसे वाली स्थिति में आकर हिन्दुओं की रक्षा की सार्थक एवं प्रभावी पहल करें।

बांग्लादेश की आबादी में 7.95 फीसदी-सवा करोड़ से ज्यादा हिंदू शामिल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ जो कुचक्र रचे गये, उसी तरह की साजिश बांग्लादेश में सिर उठा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीने में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले की 200 से ज्यादा घटनाएं हुईं। आज बांग्लादेश सांप्रदायिकता और कट्टरता की आग में झुलस रहा है। सांप्रदायिकता और धार्मिक कट्टरता लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। दोराहे पर खड़े बांग्लादेश में यह खतरा बढ़ता जा रहा है। खतरे की गंभीरता को देखते हुए वहां अंतरिम सरकार ने हिंदू मंदिरों, गिरजाघरों या अल्पसंख्यकों के किसी भी धार्मिक संस्थान पर हमलों की जानकारी देने के लिए हॉटलाइन शुरू की थी, लेकिन कितनी ही शिकायतें मिलने के बावजूद उन पर कार्रवाई का न होना, इनको लेकर मोहम्मद यूनुस सरकार का चुप्पी साधे रखना इस समस्या को गंभीर बना रहा है। बांग्लादेश के कट्टरपंथी वहां के हिंदुओं के लिए ही नहीं, भारत की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। इन हमलों एवं कट्टरतावादी शक्तियों का सक्रिय होना भारत एवं बांग्लादेश दोनों ही देशों के लिये खतरनाक है। कट्टरपंथियों के निरंकुश बने रहने से वहां की सरकार के इरादे और इच्छाशक्ति सवालों के घेरे में है।

भारत ने उचित तरीकों से ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जताई बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्तों में खटास घोलते हुए एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। दुर्गापूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा एवं डरा देने वाली है। जेशोश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुर्गापूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाए जाने की भी खबर आई। ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। ऐसे में लगातार बिगड़ती स्थितियों में यूनुस और उनके सहयोगियों को शासन और कूटनीति से जुड़े गंभीर मसलों पर परिपक्वता दिखानी होगी। आंदोलन से जुड़े गैर जिम्मेदार तत्व अनाप-शनाप आरोप लगाएं तो कुछ हद तक समझा जा सकता है लेकिन अगर शासन में बैठे लोग भी इन तत्वों का समर्थन करते हुए दिखें तो उसे सही नहीं कहा जा सकता। यह एक अराजकता की स्थिति है।

बांग्लादेश में बद से बदतर हो रहे हालात एवं हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न, हमलों को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सावधान कर कोई गलत नहीं किया। सक्रिय, व्यवस्थित और संगठित होकर ही ऐसी नापाक एवं संकीर्ण मानसिकताओं का माकुल जबाव दिया जा सकता है। भागवत ने कहा, ह्यदुर्बल रहना अपराध है, हिंदू समाज को ये समझना चाहिए। अगर आप संगठित नहीं रहते हैं, तो आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। देश के दुश्मनों की ओर इशारा करते हुए मोहन भागवत ने कहा, ह्यदुष्प्रचार लगातार आगे बढ़ रहा है, लेकिन जब कोई भी देश जो आगे बढ़ रहा होता है तो उसकी राह में अड़ंगा लगाने वाले लोग भी बहुत सारे होते हैं। इसलिए दूसरे देशों की सरकारों को कमजोर करना दुनिया में चलता रहता है। लेकिन किसी राष्ट्र को कमजोर करने के लिये हिंदुओं यानी अल्पसंख्यकों पर हमलों का सहारा लेना, उन्हें प्रोत्साहित करना विकृत एवं अराष्ट्रीय मानसिकता का द्योतक है।

वैसे भी बांग्लादेश का विकास भारत के सहयोग पर निर्भर है, जिस भू-भाग को रवींद्रनाथ टैगोर ह्यआमार सोनार बांग्ला (मेरा स्वर्णिम बंगाल) कहते थे, जहां की अर्थ-व्यवस्था एवं अन्य विकास योजनाएं भारत के सहयोग से ही आगे बढ़ती रही है, कभी भारत की कोशिशों से ही बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। बांग्लादेश को आधी से ज्यादा बिजली भारत से मिलती है। अनाज की बड़ी सप्लाई भी भारत से होती है। अगर भारत ने व्यापारिक संबंध तोड़ लिए तो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था चौपट हो सकती है। बावजूद इन सब स्थितियों के वहां भारत-विरोधी घटनाओं का उग्र से उग्रतर होना खुद के पांव पर कुल्हाड़ी चलाने जैसा है। बांग्लादेशी आकाओं को भगवान सद्बुद्धि दे। फिर भी अगर बांग्लादेश नहीं सुधरता है तो समय आ गया है कि हिंदुओं को निशाना बनाने की घटनाओं पर भारत कड़ा रुख अख्तियार करे। बांग्लादेश पर दबाव बनाने के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को पुरजोर ढंग से उठाना चाहिए। इसके लिए कूटनीतिक प्रयास तेज करने की जरूरत है। हिन्दू धर्म भारत की संस्कृति एवं आत्मा है। हिन्दू धर्म संयम, त्याग और बलिदान का धर्म है। इसमें हमेशा दूसरे धर्मो को सम्मान देने का काम किया है। हिन्दू धर्म उदारता, प्रेम, आपसी सद्भाव और सहनशीलता पर आधारित धर्म है। हिन्दू धर्म की सहिष्णुता को कमजोर मानकर हिन्दू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य लगातार होता रहा है। वैसे तो प्रत्येक धर्म की अपनी मान्यताएं होती हैं, किन्तु विकृत मानसिकता वाले लोगों ने हिन्दू धर्म को मध्यकाल से ही नीचा दिखाने की कोशिशें की हैं। भारत पर लगातार आक्रांताओं के हमले होते रहे और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया गया। हिन्दुओं के लाखों मंदिर तोड़े गए। हिन्दुओं को अपने ही देश में हिन्दू होने पर जजिया यानि कर लगाया गया। पूर्व की सरकारों ने भी वोट की राजनीति के चलते हिन्दुओं को दोयम दर्जा पर रखा। फिर भी हिन्दू धर्म ने उदारता और सहनशीलता को नहीं छोड़ा। अगर हिन्दू कट्टर होता तो अन्य धर्मों के लोग भारत में नहीं दिखते। देश बंटवारे के समय पाकिस्तान में 20 प्रतिशत से ज्यादा हिन्दू थे लेकिन आज उनकी आबादी 2 प्रतिशत से भी नहीं रही और भारत में मुसलमानों की आबादी 2 प्रतिशत से 20 प्रतिशत नहीं होती। यह हिन्दू उदारता का ही परिणाम है। लेकिन प्रश्न है कि आखिर कब तक हिन्दू ऐसी अग्नि परीक्षा देता रहेगा? कब तक हिन्दू की सहिष्णुता को कमजोरी मानकर उन पर अत्याचार होते रहेंगे? कब तक हिन्दू शक्तिसम्पन्न होकर भी निर्बल बना रहेगा? इन सवालों के जबाव तलाशने होंगे वर्ना हिन्दुओं को अस्तित्वहीन करने की कोशिशें कामयाब होती रहेंगी।

# भारतीय बाजार पर प्रधानमंत्री मोदी के वोकल फॉर लोकल के आह्वान का असर, चीन को लगेगा भारी फटका



अशोक भाटिया

दिवाली और उससे जुड़े अन्य त्योहारों के कारण व्यापारी और ग्राहक, दोनों ही उत्साहित हैं। इस बार रक्षा बंधन से लेकर दिवाली तक बाजारों में रौनक छाई हुई है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि इस त्योहारी सीजन में 4.25 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने की उम्मीद है।कैट द्वारा किए गए एक सर्वे में देश के 70 बड़े व्यापारिक केंद्रों से मिले आंकड़ों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है। पिछले साल 3.5 लाख करोड़ रुपये का व्यापार हुआ था, और इस बार दिल्ली में ही 75 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का व्यापार हो सकता है। त्योहारों के बाद शादी का सीजन भी शुरू होगा, जिससे और बड़ा व्यापार होने की उम्मीद है।

त्योहारी सीजन में 70 करोड़ लोग खरीदारी करते हैं। फेस्टिवल सीजन के दौरान गिफ्ट आइटम्स, मिठाई, ड्राई फ्रूट, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, कपड़े, ज्वेलरी, बर्तन, मोबाइल, फर्नीचर जैसी वस्तुओं की सबसे ज्यादा बिक्री होती है। इसके अलावा, पूजा सामग्री, भगवान की मूर्तियां, खिलौने, किचन अप्लायंसेस, सौंदर्य प्रसाधन, और कई अन्य चीजों की भी मांग रहती है।होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग, इवेंट मैनेजमेंट, कैब सर्विस और डिलीवरी सर्विस जैसी सेवाओं को भी इस सीजन में अच्छा व्यापार मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से लोकल प्रोडक्ट्स खरीदने की अपील की है, और इसका असर दिख रहा है। कैट ने व्यापारियों से स्थानीय निमार्ताओं और कारीगरों का समर्थन करने को कहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान और वोकल फॉर लोकल मंत्र के कारण चीनी सामान की मांग घट रही है और दिवाली से पहले ही भारतीयों ने चाइना का दिवाला निकाल दिया है। खबर है कि दिवाली से पहले चीन को बड़ा झटका लगा है और चीनी सामानों के बहिष्कार से ड्रैगन को अभी तक करीब 60 हजार करोड़ का नुकसान हुआ है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की माने तो चाइना के सामानों के बहिष्कार के उसके आह्वान से चीन को इस त्योहारी सीजन में 60 करोड़ रुपये के व्यापार के नुकसान का अनुमान है जबकि इस दौरान घरेलू स्तर पर ग्राहकी बढ़ने से अर्थव्यवस्था में 3.5 लाख करोड़ रुपये की संभावना है। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि जब से प्रधानमंत्री ने बाहर की वस्तुओं की जगह अपने देश में निर्मित खास तौर पर शिल्पकारों और कुटिर उद्योगों में बनाई गई चीजों को खरीदने और उसको खरीदने के लिए अपने आस पास के लोगों को प्रेरित करने का आह्वान किया है तब से लोग चीनी सामान खरीदने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं । इसके कारण भारतीय सामान की मांग बढ़ी है जबकि चीनी वस्तुओं की बिक्री में भारी गिरावट आई है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कैट की अनुसंधान शाखा, कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा कई राज्यों के 20 शहरों में किए गए एक हालिया सर्वेक्षण में पाया गया कि इस साल अब तक कई भारतीय व्यापारी या आयातकों ने चीन को इसे दिवाली पर पटाखों या अन्य सामानों का ऑर्डर नहीं दिया गया है और इस साल दिवाली को विशुद्ध रूप से भारतीय दिवाली के रूप में मनाया जाएगा। जिन 20 शहरों ने चीन को कोई आर्डर नहीं दिया है, वो हैं- नई दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, नागपुर, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, रायपुर, भुवनेश्वर, कोलकाता, रांची, गुवाहाटी, पटना, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, मदुरै, पांडिचेरी, भोपाल और जम्मू।यानी लक्ष्मी- गणेश की मूर्ति हो या लाइट की लड़ियां, दिवाली में गिफ्ट के तौर पर देने वाले क्रॉकरी आइटम्स हों या देवी-देवताओं की तस्वीर या सीनरीज देश की जनता ने चीनी सामानों का बहिष्कार कर इस साल दिवाली को विशुद्ध रूप से हिंदुस्तानी दिवाली के रूप में मनाने का फैसला कर लिया है। वाराणसी में प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना के शुभारंभ के बाद जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि हमें इस दिवाली में भी अपने स्थानीय कामगारों का ख्याल रखना है। हम जितना अधिक वोकल फॉर लोकल होंगे, उतना ही हमारे परिवारों में खुशहाली आएगी। उन्होंने लोगों से धनतेरस से दिवाली तक स्थानीय उत्पादों की खरीदारी का आह्वान किया था ।इसके साथ यह भी कहा कि लोकल का मतलब सिर्फ मिट्टी के दीये नहीं हैं।

भरतिया ने कहा कि हर साल राखी से नए साल तक के 5 महीने के त्योहारी सीजन के दौरान भारतीय व्यापारी और निर्यातक चीन से लगभग 70 हजार करोड़ रुपये का माल आयात करते हैं। लेकिन इस वर्ष राखी उत्सव के दौरान चीन को लगभग 5000 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ और गणेश चतुर्थी में 500 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और यही प्रवृत्ति दिवाली में भी देखे जाने के बाद यह तय हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्म निर्भर भारत को लोगों का भरपूर साथ मिल रहा है। इसी का नतीजा है कि न केवल व्यापारी हैं जो चीनी सामानों का बहिष्कार कर रहे हैं बल्कि उपभोक्ता भी चीन से बने उत्पादों को खरीदने के इच्छुक नहीं हैं।

इस बार मुंबई में भी दिवाली पर पर्यावरण के अनुकूल और भारत में बने उत्पादों का चलन दिख रहा है और मुंबईवासी शहर के कुछ प्रसिद्ध बाजारों में त्योहार के लिए ऐसी आवश्यक वस्तुएं खरीद रहे हैं, जो पर्यावरण के लिए हानिकारक नहीं हों। बाजारों में मोमबत्तियों से लेकर दीयों और रंगोलियों से लेकर लालटेनों तक दिवाली से संबंधित सामग्री की भरमार है और इस बार जोर भारत में बने उत्पादों पर है।

मुंबई के पश्चिमी उपनगर माहिम की एक गली को कंदील लेन के नाम से जाना जाता है। यह अपनी लालटेन की दुकानों के लिए जानी जाती है और रोशनी के त्योहार से पहले जगमग हो उठी है। विभिन्न आकारों, रंगों और शैलियों के लालटेन बेचने वाली दुकानों से सजी यह गली त्योहार के दौरान गुलजार रहती है।दुकानदारों के मुताबिक इस साल कपड़े, कागज और गत्ते से बने लालटेन की मांग ज्यादा है। लालटेन लेन में एक दुकानदार वैभव कहते हैं, ह्हम कागज और कपड़े से बने लालटेन बेचते हैं, क्योंकि ग्राहक यही चाहते हैं। प्लास्टिक और थमार्कोल से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अधिक जागरूकता है, इसलिए लोग पर्यावरण-अनुकूल लालटेन खरीद रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि लोग भारत में बने उत्पादों और स्थानीय उत्पाद खरीदना चाहते हैं। लेन की एक अन्य दुकानदार स्वाति कहती हैं, "ग्राहक स्थानीय स्तर पर बनी वस्तुएं खरीदना चाहते हैं और चीन में निर्मित उत्पादों में उनकी रुचि नहीं है।" पर्यावरण-अनुकूल और भारत-निर्मित लालटेन के चलन से पता चलता है कि लोग पर्यावरण के बारे में जागरूकता बढ़ाकर खरीदारी कर रहे हैं।

धनतेरस जाकर आज दिवाली का त्योहार दस्तक दे रहा है।लेकिन बाजारों में इन त्योहारों को लेकर रौनक पहले से ही छाई हुई है। माना जा रहा है कि इस बार दिवाली शॉपिंग के लिए बाजारों में और ज्यादा से ज्यादा भीड़ उमरने वाली है। जिसके चलते उम्मीद है कि इस वर्ष दिवाली पर 2.5 लाख करोड़ रुपये की खरीदारी देखने को मिली सकती है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) के मुताबिक दिवाली की त्योहारी खरीद एवं अन्य सेवाओं के जरिये लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये की नगदी बाजार में आने की उम्मीद है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल के मुताबिक केंद्र सरकार के डीए में 4% की बढ़ोतरी और रेल कर्मचारियों को 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस देने का जबरदस्त फायदा मिलने वाला है क्योंकि इससे लोग खरीदारी करने के लिए प्रेरित होंगे जिसका फायदा व्यापारियों और अर्थव्यवस्था को मिलेगा।

कैट के मुताबिक दिवाली उत्सव के कारोबार में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्ज करने की उम्मीद है तो दिवाली से संबंधित यात्राओं एवं अन्य सेवाओं के उपयोग पर एक लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने की उम्मीद की जा रही है। इससे पहले ऑटोमोबाइल क्षेत्र के संगठन फाडा द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, नवरात्रि की अवधि के दौरान ऑटोमोबाइल की कुल खुदरा बिक्री में 57% की भारी वृद्धि हुई। ये आंकड़े इस बात की ओर संकेत कर रहे हैं कि इस त्योहारी सीजन में लोग भारतीय मालों जबरदस्त शॉपिंग कर रहे हैं। बताया जाता है कि 40 हजार से अधिक देश भर के व्यापारी संगठन भारत में ही बनी घर के सजावट के सामान, दिवाली पूजा के सामान जिसमें मिट्टी के दीये, देवता, दीवार पर लटकने वाले, हस्तशिल्प के सामान, देवी लक्ष्मी और श्री गणेश जी की पूजा का सामान, जो स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और कुशल कलाकारों द्वारा बनाई गई है उसे बड़ा बाजार देने का काम कर रहे है इससे भी चीन को इस वर्ष भारी फटका लगेगा।

# पति की दीघार्यु की कामना का पर्व है करवा चौथ



-रमेश सर्राफ धमोरा

## 20 अक्टूबर करवा चौथ पर विशेष

हमारा देश एक धर्म प्रधान देश हैं। यहां साल के सभी दिनो का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं।

करवा चौथ का व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियों के लिए किया जाता हैं और यह न केवल एक त्यौहार है बल्कि यह पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों का पर्व है। कहने को तो करवा चौथ का त्यौहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओं का सवश्रेष्ठ उदहारण हैं। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्प से यमराज से भी अपने पति के प्राण ले आती हैं तो फिर वह क्या नहीं कर सकती हैं।

आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती है। आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीघार्यु को लेकर सचेत रहती है। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है। यह व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है। इसीलिये सुहागिन स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षार्थ इस व्रत का सतत पालन करती है।

किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाल बांधकर ईश्वर का स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें। करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। दिन में करवा चौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें।

शास्त्रों के अनुसार पति की दीघार्यु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथ में दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देने के उपरान्त ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवा चौथ व्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं।

सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्घ्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएं। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। अपनी सासूजी को वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें।

कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पति की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनाएं। काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के अथवा तांबे के बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार 10 अथवा 13 करवे रखें। करवा चौथ के बारे में व्रत करने वाली महिलाएं कहानी सुनती है। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वत पर गए। इधर द्रोपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलने पर उन्होंने कृष्ण भगवान का ध्यान किया और अपनी चिंता व्यक्त की। कृष्ण भगवान ने कहा बहना इसी तरह का प्रश्न एक बार माता पार्वती ने शंकरजी से किया था। पूजन कर चंद्रमा को अर्घ्य देकर भोजन ग्रहण किया जाता है। सोने, चाँदी या मिट्टी के करवे का आपस में आदान-प्रदान किया जाता है। जो आपसी प्रेम-भाव को बढ़ाता है। पूजन करने के बाद महिलाएँ अपने सास-ससुर एवं बड़ों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लेती हैं। तब शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथ का व्रत बतलाया।

इस व्रत को करने से स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षा हर आने वाले संकट से वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मण ने की थी। प्राचीनकाल में एक ब्राह्मण था। उसके चार लडके एवं एक गुणवती लडकी थी। एक बार लडकी मायके में थी। तब करवा चौथ का व्रत पड़ा। उसने व्रत को विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, पर उसके चारों भाई परेशान थे कि बहन को प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, पर बहन चंद्रोदय के बाद ही जल ग्रहण करेगी। भाइयों से न रहा गया उन्होंने शाम होते ही बहन को बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। एक भाई पीपल की पेड़ पर छलनी लेकर चढ़ गया और दीपक जलाकर छलनी से रोशनी उत्पन्न कर दी। तभी दूसरे भाई ने नीचे से बहन को आवाज दी देखो बहन, चंद्रमा निकल आया है। पूजन कर भोजन ग्रहण करो। बहन ने भोजन ग्रहण किया। भोजन ग्रहण करते ही उसके पति की मृत्यु हो गई। अब वह दुःखी हो विलाप करने लगी। तभी वहां से रानी इंद्राणी निकल रही थीं। उनसे उसका दुःख न देखा गया। ब्राह्मण कन्या ने उनके पैर पकड़ लिए और अपने दुःख का कारण पूछा। तब इंद्राणी ने बताया कि तूने बिना चंद्र दर्शन किए करवा चौथ का व्रत तोड़ दिया इसलिए यह कष्ट मिला। अब तू वर्ष भर की चौथ का व्रत नियमपूर्वक करना तो तेरा पति जीवित हो जाएगा। उसने इंद्राणी के कहे अनुसार चौथ व्रत किया तो पुनः सौभाग्यवती हो गई। इसलिए प्रत्येक स्त्री को अपने पति की दीघार्यु के लिए यह व्रत करना चाहिए। द्रोपदी ने यह व्रत किया और अर्जुन सकुशल मनोवांछित फल प्राप्त कर वापस लौट आए। तभी से हिन्दू महिलाएं अपने अखंड सुहाग के लिए करवा चौथ व्रत करती हैं।

कहते हैं इस प्रकार यदि कोई मनुष्य छल-कपट, अहंकार, लोभ, लालच को त्याग कर श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक चतुर्थी का व्रत को पूर्ण करता है। तो वह जीवन में सभी प्रकार के दुखों और क्लेशों से मुक्त होता है और सुखमय जीवन व्यतीत करता है। भारत देश में चौथ माता का सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान राज्य के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा गांव में स्थित है। चौथ माता के नाम पर इस गांव का नाम बरवाड़ा से चौथ का बरवाड़ा पड़ गया। यहां के चौथ माता मंदिर की स्थापना महाराजा भीमसिंह चौहान ने करवाया था।

# आधुनिकता से बिखरते परिवार, त्रासदी झेलते बच्चे और बुजुर्ग



संजीव ठाकुर

भारत मूलतः परंपरावादी वैदिक तथा सनातनी देश है पर आधुनिकता ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए हैं ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है इसी तरह बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है।

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है। बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका है। महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई है। बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुर्जुगो के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की संस्कृति में बुर्जुगो का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है' करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है। वह वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं। अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें' इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी' भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निर्देशो की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी है। सैकड़ों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। हमें कोविड-19 के आतंक के साए को भी नहीं भूलना चाहिए।हमे लगातार सावधानी रख कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ संगठन की गाइडलाइंस के अनुसार अपना आचरण रखना होगा। अन्यथा कोविड-19 की तीसरी लहर फिर भारत के निवासियों को परेशान कर सकती है। भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर की शुरूआत बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों तक हो चुकी है। इसके लिए हमें अतिरिक्त सावधानी रखनी होगी। मैंने पहले भी कहा था कि करोना का केरल हॉटस्पॉट बन चुका है। अब दिल्ली, मुंबई चेन्नई अहमदाबाद तथा पूर्वोत्तर राज्य मैं भी कोविड-19 की तीसरी लहर के आंकड़े डरावने हो गए हैं। करोना का डेल्टा वैरीअंट यानी करोना की तीसरी लहर हर जगह फैलने लगी है।

अब यह संक्रमण भारत के महानगरों में फैलने की आशंका को लेकर आया है

दिल्ली ,मुंबई कोलकाता, अहमदाबाद,चेन्नई से कोविड-19 की तीसरी लहर अपना पैर पसार चुकी है। और यदि आपने अपने चेहरे पर मास्क नहीं लगाया, लगातार हाथ नहीं धोया, लोगों से 2 गज की दूरी नहीं रखी और भीड़ भाड़ में जाने से नहीं बचे, तो निश्चित तौर पर कोविड-19 का डेल्टा वैरीअंट को आने से कोई नहीं रोक सकता है । वैसे भी विश्व में इंडोनेशिय,मलेशिया,थाईलैंड, ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील, अर्जेंटीना,अमेरिका मैं डेल्टा वैरीअंट के तेजी से हजारों प्रकरण बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका डेल्टा वैरीअंट के संक्रमण का भयानक प्रकोप झेल रहा है। भारत में भी पूर्वांचल प्रदेशों में मिजोरम,असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में तीसरी लहर के आसार स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। ब्रिटेन, अमेरिका,और फ्रांस जैसे उच्च शिक्षित देशों के नागरिकों ने लॉकडाउन हटते ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस का उल्लंघन कर कोविड-19 की तीसरे संक्रमण की लहर को आमंत्रित कर लिया है। अमेरिका के स्वास्थ विभाग के वैज्ञानिक डॉ मूर्ति ने यहां तक कहा कि अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को तीसरी लहर के अल्फा बीटा गामा कप्पा और डेल्टा वैरीअंट से बचने के लिए इंजेक्शन का बूस्टर डोज लगाना पड़ेगा, तभी लोगों की जान बच पाएगी। 24 करोड़ आबादी वाला उत्तर प्रदेश अब तक करोना की लहर से लड़कर उसे दबाने में काफी हद तक सफल रहा है। खुलेआम पर्यटन स्थलों पर मौज मस्ती करने वाले अमीर लोग अपना इलाज तो आसानी से करवा लेंगे पर सबसे बड़ी मुसीबत गरीब तथा सर्वहारा वर्ग के लिए होगी जि ऐसे में यदि भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर पर्यटन स्थलों में घूमते हुए बेखौफ लोगों से भारत फिर फैलती है, तो आम जनता का जीवन यापन कठिन तथा दुष्कर हो जाएगा। और जिंदगी बचाने के लिए त्राहिमाम त्राहिमाम होने की पूरी संभावना है। देश में कोरोना की प्रथम लहर के थोड़े से नियंत्रण में आने के बाद सरकारों और आला अधिकारियों को यह गलतफहमी हो गई थी,कि करोना पूरी तरह नियंत्रित हो गया है। और वापस लौटकर नहीं आएगा। इसीलिए उन्होंने बाजार, आम सभाएं, शादी समारोह, होटल, टॉकीज,बड़े बड़े मॉल को खोलने की तथा ग्राहकों को आमंत्रित करने की अनुमति दी थी। और नीति निमार्ता, राज्य सरकारों, केंद्र सरकार तथा मंत्रालय में बैठे बड़े-बड़े आला अधिकारियों ने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि करोना की दूसरी लहर भी आएगी, और इसी के चलते उन्होंने न तो कोई दूरदर्शी नीति बनाई और ना ही इससे बचने के किसी उपाय पर विचार ही किया ।यह उनकी सबसे बड़ी गलती थी, तथा अदूरदर्शिता भी थी।

लेकिन करोना कि दूसरी लहर ने संक्रमण की जो तबाही मचाई और लाखों लोगों को मौत के घाट उतार दिया , अब कोविड-19 की तीसरी लहर भी इसी तरह के संक्रामकता लाने वाली है। यह तीसरी लहर का वैरीऐट बच्चों तथा युवा बुजुर्ग लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा, और इसके कोई लक्षण भी नहीं दिखाई देंगे, कोविड-19 की पहली लहर में संक्रमण दस दिन तक अपने उफान पर रहता था अब दूसरी लहर में 5 दिन में या पूरे शबाब पर आ जाता है, तीसरी लहर में न जाने यह दो या तीन दिन में अपना सर्वाधिक असर दिखाने वाला होगा, ऐसे में तीसरा संक्रमण कॉल बहुत ज्यादा डरावना और संक्रमण का होगा,वह दूसरे संक्रमण काल से भी ज्यादा मौत देने वाला होगा। ब्रिटेन की वैज्ञानिक शोध पत्रिका लेसेंट ने बताया कि ब्रिटेन फ्रांस बच्चों के लिए वैक्सीन बनाने में सफल हो गए हैं। एवं ब्रिटेन में बच्चों को वैक्सीनेशन देने की अनुमति देने की तैयारी चल रही है भारत के नौजवान बुजुर्ग और बच्चे बड़ी तादाद में मौजूद हैं उन सब की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। खास तौर पर बुजुर्गों की जो शारीरिक रूप से कमजोर एवं अक्षम होते हैं उनकी तरफ विशेष ध्यान देकर हमें उनकी रक्षा करनी होगी यह हमारा प्रथम दायित्व होगा।

## घाटकोपर में आज होगा श्री गुरुदेव दर्शन समारोह एवं प्रवचन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** तपोनिधि गणेश नाथ महाराज सेवा समिति, घाटकोपर पश्चिम की ओर से शनिवार 19 अक्टूबर 2024 को शिवस्फूर्ती प्रगति मंडल, गोळीबार रोड, घाटकोपर पश्चिम में श्री गुरुदेव दर्शन एवं प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समिति ने बताया कि परमपूज्य गुरुमाऊली सद्गुरु अरविंदनाथ महाराज शनिवार को घाटकोपर पहुंचेंगे और भक्तों को उनके दर्शन और प्रवचन का लाभ मिलेगा। शाम 5 बजे गुरुमाऊली का आगमन, 5 से 6 बजे तक सार्वजनिक हरिपाठ, 6 से 8 बजे तक भजन, 8 से 9 बजे तक प्रवचन और 9 बजे के बाद भक्तों को गुरुमाऊली के दर्शन का लाभ मिलेगा। तपोनिधि गणेशनाथ महाराज सेवा समिति के अध्यक्ष निवृत्ति वाडकर, सचिव नामदेव करंजे, कोषाध्यक्ष दत्तराम पवार, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप उतेकर, उपाध्यक्ष द्वारकानाथ घाडगे, भालचंद्र चाडिवकर, उप सचिव ज्ञानोबा पवार, संतोष पवार, उप कोषाध्यक्ष नारायण उतेकर, वसंत जुनगरे और संयोजक कार्यक्रम सुरेश पवार, कृष्णा उतेकर करेंगे।

## मराठवाड़ा के सैकड़ों उद्धवसेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**डोंबीवली (उत्तरशक्ति)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर डोंबिवली में भारतीय जनता पार्टी को भारी जनाधार प्राप्त होता नजर आ रहा है। डोंबिवली के विधायक और राज्य के लोक निर्माण मंत्री रवींद्र चव्हाण की नेतृत्व पर विश्वास करते हुए मराठवाड़ा के सैकड़ों उद्धवसेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल हो गए हैं।मराठवाड़ा में राजपूत समुदाय के नेता माधव सिंह राजपूत उर्फ अशोक राठौड़ अपने कई कार्यकताओं के साथ डोंबिवली में भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर मराठवाड़ा में बदनापुर निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा विधायक नारायण कुचे, कल्याण ग्रामीण विधानसभा चुनाव प्रमुख नंदू परब, दत्ता मालेकर की मौजूदगी में सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हुए। इस समारोह में राजपूत समुदाय के लोगों में मुख्य रूप से अनिल राठौड़, रामेश्वर काले, योगेश ठोंबरे, समाधान वाघ, लाहू तिडके और कई अन्य कार्यकताओं का समावेश रहा।

## सोनी बीबीसी अर्थ पर सर डेविड एटेनबरो के साथ देखिए मैमल्स

**मुंबई।** सबसे चहेते तथ्यात्मक मनोरंजन चैनलों में से एक, सोनी बीबीसी अर्थ मैमल्स का प्रीमियर करने जा रहा है। मैमल्स लेजेंडरी सर डेविड एटेनबरो द्वारा वर्णित एक पथ-प्रदर्शक सीरीज है, जिसका प्रीमियर 21 अक्टूबर, 2024 को होगा। छः भागों की यह सीरीज दर्शकों को स्तनपायी जानवरों की असाधारण दुनिया की सैर कराती है। इसमें इन जानवरों के विविधतापूर्ण व्यवहारों, अनुकूलनशीलता, और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर रोशनी डालते हुए, तेजी से बदलती पृथ्वी के बारे में विस्तार से दिखाया गया है। सर डेविड एटनबरो द्वारा वर्णित, मैमल्स छह भागों वाली सीरीज है जो दर्शकों को पूरे विश्व की रोमांचक यात्रा पर ले जाती है। इस सीरीज में स्तनपायी प्राणियों के जीवन की अविश्वसनीय विविधता को दिखाया गया है। इस सीरीज में अफ्रीका के आलीशान हाथियों से लेकर हिमालय के मायावी हिम तेंदुओं और महासागर की गहराइयों से लेकर बफीर्ले टुंड्रा तक, विभिन्न प्रजातियों की एक आकर्षक श्रृंखला प्रस्तुत की गई है, जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी कहानी है। इस सीरीज की आश्चर्यजनक सिनेमैटोग्राफी दर्शकों को स्तनपायी प्राणियों के गूढ़ संबंधों, उनके पर्यावरण से परिचित कराती है और लगातार बदलती दुनिया में शिकार करने से लेकर अपने शिशुओं की परवरिश के लिए भोजन तलाशने तक जीने के लिए इन प्राणियों द्वारा लागू की गई शानदार रणनीतियों से रूबरू कराती है। एटेनबरो द्वारा सीरीज का वर्णन कहानियों को और गहराई प्रदान करता है है, और इन शानदार जंतुओं की फिर से उठ खड़े होने की क्षमता एवं चतुराई को उजागर करता है।

## सीएम रहते हुए दाऊद इब्राहिम से मिले थे शरद पवार, महाराष्ट्र में चुनाव से पहले इस बड़े नेता का सनसनीखेज दावा

**मुंबई।** वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) प्रमुख प्रकाश अंबेडकर ने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (एनसीपी-एसपी) प्रमुख शरद पवार ने एक बार दुबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में दाऊद इब्राहिम से मुलाकात की थी। प्रकाश अंबेडकर ने कहा कि वह आरोप नहीं लगा रहे बल्कि कुछ तथ्य सामने रख रहे हैं। अंबेडकर ने बताया कि शरद पवार 1988 से 1991 तक मुख्यमंत्री थे और उस दौरान उन्होंने विदेश यात्रा की। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि पवार पहले लंदन गए, फिर एक बैठक के लिए कैलिफोर्निया में दो दिन बिताए। उन्होंने कहा कि मैंने कोई आरोप नहीं लगाया है लेकिन मैंने सिर्फ कुछ तथ्य सामने रखे हैं। 1998-1991 तक शरद पवार मुख्यमंत्री थे और उस दौरान वह लंदन गए और फिर एक बैठक के लिए कैलिफोर्निया गए। वह वापस लंदन आए और फिर प्रकाश अंबेडकर ने कहा कि 'वह दुबई गए। उन्होंने दुबई में दाऊद इब्राहिम से मुलाकात की। हम पूछ रहे हैं कि क्या केंद्र सरकार ने इस मुलाकात को मंजूरी दी थी। अंबेडकर ने इस बात पर जोर दिया कि इब्राहिम के साथ पवार की इस मुलाकात की बारीकियों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। अंबेडकर ने आगे कहा कि पवार उस शाम लंदन लौट आए और दो दिन बाद भारत वापस आए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मुख्यमंत्री के रूप में, पवार केंद्र सरकार की मंजूरी के बिना विदेश यात्रा नहीं कर सकते थे। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या केंद्र सरकार ने विशेष रूप से दाऊद के साथ पवार की यात्राओं और बैठकों को मंजूरी दी थी, और क्या इन बैठकों की कोई रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपी गई थी।

## यशःकायी डॉ सोनेलाल पटेल परिनिर्वाण दिवस पर याद किये गये






**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** अपना दल के संस्थापक, सामाजिक न्याय के पुरोधा, गरीब एवम पिछड़े वर्ग के मसीहा, किसानों के हमदर्द यशःकायी डॉ सोनेलाल पटेल परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन विरूपाक्ष मंगल कार्यालय नई मुंबई, पनवेल पर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अनुप्रिया पटेल केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण / उर्वरक एवं रसायन राज्यमंत्री राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल (एस) उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाजसेवक डॉ. बाबुलाल सिंह पटेल, संजय पाटील अध्यक्ष अ.भा.कूर्मि क्षत्रिय महासभा महाराष्ट्र, हरीश वर्मा अध्यक्ष महाराष्ट्र कूर्मि क्षत्रिय समाज, अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव आर.बी. सिंह पटेल, सचिव विनोद गंगवार, राम लखन पटेल (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री), डॉ. राममूर्ति वर्मा, महेंद्र वर्मा (नेता अपनादल) ने डॉ. सोनेलाल पटेल के गरीब, पिछड़े, किसानों, कमेरा वर्ग को एकजुट करने हेतु किये गये कार्यों को याद कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। आयोजक डॉ. सुभाष सिंह एवम अशोक सिंह ने अतिथियों का सत्कार किया।

समाज सेवी एड. अभय पांडे, श्यामराज सिंह, ओमप्रकाश प्रजापति (पत्रकार), सी.पी प्रजापति, युवा नेता डॉ.सचिन सिंह, अजय पटेल, मोहित सिंह, वी.के.वर्मा, हरिराम वर्मा, जीतबहादुर पटेल, राजेंद्र चौधरी, राधेश्याम पटेल, शरीफ खान, मैथ्यु चेरियन, राजेश सिंह, अ.भा.कूर्मि क्षत्रिय महासभा के किरण पाटिल(ठाणे जिला अध्यक्ष), किरण घरत(ठाणे शहर अध्यक्ष), किसन बोंद्रे(प्रदेश संरक्षक), प्रकाश चांदीबड़े (रायगढ जिला अध्यक्ष), उदय पाटिल (अध्यक्ष,कुनबी ( कुर्मी) सेवा संस्था भिवंडी), दिनेश जाधव, मोरेश्वर पाटिल (उपाध्यक्ष, थाने जिला) सहित कई गणमान्य लोगों एवम महिलाओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## समरस फाउंडेशन ने किया समाजसेवी मुरलीधर मिश्र का सम्मान



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महानगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन द्वारा कल शाम को मुंबई आए उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला स्थित जौरा बाजार निवासी समाजसेवी तथा बिजनेसमैन मुरलीधर मिश्र का सम्मान किया गया। संस्था के चेयरमैन डॉ किशोर सिंह ने शॉल ओढ़ाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर उनके साथ आए युवा समाजसेवी हिमांशु श्रीवास्तव, शिक्षक सभा के महासचिव शरद सिंह, संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकुंद शर्मा, महासचिव शिवपूजन पांडे, उपाध्यक्ष मानिकचंद यादव, पूर्व प्रधानाध्यापक सुरेंद्र पांडे, एडवोकेट अशोक उपाध्याय, एडवोकेट प्रशांत परदेसी, गामा रजक, पंडित जीडी शुक्ला, पूरव गांधी, रविंद्र पांडे समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की उपेक्षा

### शैक्षणिक अधिकारियों द्वारा अभ्यास पर प्रतिबंध



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** व्हीलचेयर क्रिकेट, व्हीलचेयर बास्केटबॉल और व्हीलचेयर टेनिस जैसे खेलों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य और देश का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों की उपेक्षा की गई है। 2018 से मुंबई यूनिवर्सिटी के कलिना कैंपस में नियमित रूप से प्रैक्टिस करने वाले खिलाड़ियों की प्रैक्टिस यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने बंद कर दी है.। हालांकि व्हीलचेयर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों से पत्र-व्यवहार किया, लेकिन उन्हें किसी तरह का जवाब नहीं मिला. उत्तर पूर्व मुंबई के सांसद संजय दीना पाटिल से संपर्क कर इस मुद्दे को हल करने का अनुरोध किया गया है।

व्हीलचेयर स्पोर्ट्स यह संस्था मुंबई विकलांग खिलाड़ियों के लिए काम करती है। इस संगठन द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण सत्र, खेल सामग्री, यात्रा व्यय और मैचों के आयोजन के लिए सहायता प्रदान की जाती है। व्हीलचेयर खेल एथलीट पोलियो, एम्प्युटी, रीढ़ की हड्डी की चोट और सेरेब्रल पाल्सी जैसी विभिन्न विकलांगताओं वाले एथलीट हैं। जबकि खेल उनकी आय का मुख्य स्रोत नहीं है, कुछ खिलाड़ी डिलीवरी बॉय, बाइक मैकेनिक, ऑटो ड्राइवर के रूप में काम करते हैं और जूते की छोटी दुकानें चलाते हैं। इसके बावजूद उन्होंने खेलना और नियमित अभ्यास करना नहीं छोड़ा है. हालांकि, यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने उन खिलाड़ियों की प्रैक्टिस बंद कर दी जो पिछले साल से मुंबई यूनिवर्सिटी के कलिना कैंपस में नियमित रूप से प्रैक्टिस कर रहे थे. हालांकि व्हीलचेयर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने उन्हें अभ्यास करने की अनुमति देने के लिए विश्वविद्यालय के अधिकारियों से पत्राचार किया, लेकिन उन्हें किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं दिया गया। ऐसे में उन्होंने सांसद संजय दीना पाटिल और युवा सेना कार्यकारिणी सदस्य राजोल संजय पाटिल से मुलाकात की और उनसे इस मामले में मदद करने का अनुरोध किया।

## गुजरात के पूर्व मंत्री वासन भाई अहिर का यादव समाज भिवंडी द्वारा किया गया भव्य स्वागत



**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के अंजूरफाटा स्थित मानसी गडा महाविद्यालय के शांति चंदन आडोटोरियम हाल में अखिल भारत गुजरात समाज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित वासन भाई अहिर का यादव समाज भिवंडी द्वारा स्वागत किया गया । बतादें कि वासन भाई अहिर की राजनीतिक शुरूआत ग्राम पंचायत चुनाव से शुरू हुयी थी और करीब 30 वर्षो से गुजरात के भुज और अंजार विधानसभा से विधायक होने के साथ गुजरात सरकार में राज्यमंत्री भी रह चुके हैं । वहीं वासन भाई अहिर सामाजिक कार्यों के चलते यादवों के साथ अन्य समाज के हितैषी माने जाते हैं । पूर्व मंत्री वासन भाई अहिर के भिवंडी आगमन की खबर सुनकर यादव समाज भिवंडी के लोगों ने जाकर शाल श्री मद्भागवत गीता , श्रीफल देकर स्वागत किया । इस अवसर पर यादव समाज भिवंडी के अध्यक्ष डाक्टर एन एल यादव , कोषाध्यक्ष विजय बहादुर यादव , भाजपा भिवंडी जिला प्रचार प्रमुख पी डी यादव , उत्तर भारतीय मोर्चा भिवंडी जिलाध्यक्ष मंगेश यादव, उत्तर भारतीय मोर्चा के महासचिव रामनारायण सोनी, आचार्य सूरजपाल यादव आदि लोग उपस्थित थे।

## पूर्वांचल विकास परिवार ने किया शिवपूजन पांडे का सम्मान



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** पूर्वांचल राज्य के गठन तथा पूर्वांचल की बुनियादी समस्याओं को दूर करने की दिशा में लगातार जमीनी संघर्ष करने वाली संस्था पूर्वांचल विकास परिवार द्वारा कल संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे के जन्मदिन पर उनका सम्मान किया गया। दहिसर पूर्व स्थिति क्लासिक होटल में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ द्रिगेश यादव ने स्मृति चिन्ह, शॉल तथा पुष्प गुच्छ से उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के हाथों श्री पांडे को भारत रत्न डॉ अंबेडकर अवार्ड मिलना संस्था के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर युवा कांग्रेसी नेता अभय राजेंद्र चौबे, वरिष्ठ समाजसेवी मानिकचंद यादव, शिक्षक एवं कवि प्रेम जौनपुरिया, संस्था के महासचिव सभाजीत यादव, ब्रिजेश यादव, रवि यादव, अशोक यादव, चौधरी राघवेन्द्र यादव, राजकुमार यादव राजुभाई , रिषभ यादव, लालू यादव समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## देश में पहली बार नशीले पदार्थ के तस्कर पर हुई एमपीडीए के तहत कारवाई

### आरसीएफ पुलिस ने किया 1988 के अधिनियम का इस्तेमाल



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** आज मुंबई ही नहीं संपूर्ण देश में नशीले पदार्थ की तस्करी जोरों से शुरू है। वहीं तस्करों पर लगाम कसना पुलिस के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा था, क्योंकि पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद तस्कर जमानत पर छूट जाते हैं, उसके बाद फिर से पुराना धंधा शुरू कर देते हैं। जिसकी वजह से मुंबई शहर में ड्रग्स तस्करों का चारों तरफ बोलबाला है।

वहीं पुलिस लाचार दिखाई देती है। लेकिन इस बार आरसीएफ पुलिस स्टेशन के जांबाज अधिकारियों ने मादक पदार्थ तस्करों पर एमपीडीए के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को 1 साल के लिए जेल भेज दिया है। इससे मादक पदार्थों के तस्करों में हड़कंप मच गया है। इस तरह देखा जाए तो यह मुंबई पुलिस का एक साहसिक कदम है। बता दें कि शहर में ही नहीं पूरे देश में की गई पहली कार्रवाई है।

मिली जानकारी के अनुसार आरसीएफ पुलिस स्टेशन ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले मोहम्मद इकलाख बशीर शेख उर्फ मोहम्मद इकलाख, मोहम्मद इसराइल शेख उर्फ मूसा उर्फ सलमान उर्फ अकलाख के खिलाफ मुंबई शहर में 1988 के तहत मादक पदार्थों की तस्करी के 7 मामले दर्ज हैं। आरसीएफ पुलिस स्टेशन द्वारा मुंबई पुलिस आयुक्त को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। पुलिस आयुक्त ने उक्त प्रस्ताव को स्क्रीनिंग कमेटी को प्रस्तुत किया।

इसके बाद इसे अंतिम मंजूरी के लिए प्रमुख सचिव, गृह विभाग, महाराष्ट्र सरकार, मुंबई को भेजा गया महाराष्ट्र सरकार द्वारा परमिशन मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम 1988 के तहत एमपीडीए करने का प्रस्ताव कर लिया गया। जिसके 16 अक्टूबर को पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर और उन्हें छत्रपति संभाजीनगर सेंट्रल जेल भेज । पुलिसकर्मियों को पता ही नहीं है कि ड्रग माफिया के खिलाफ ऐसी कार्रवाई भी हो सकती है। इस अधिनियम के तहत प्रक्रिया बहुत जटिल है और पुलिस स्टेशन स्तर पर ऐसा मामला बनाना लगभग असंभव है। लेकिन मुंबई शहर के पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर, पुलिस उपायुक्त, मौजूदा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेंद्र शिंदे के मार्गदर्शन में, आरसीएफ पुलिस स्टेशन के निवारक अधिकारी, सहायक पुलिस निरीक्षक रवींद्र पाटिल ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है। उक्त कार्रवाई पुलिस द्वारा ड्रग माफियाओं को दी गई भी चेतावनी है। यदि उन्होंने अपनी अवैध गतिविधियां नहीं छोड़ी तो उनके खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

## टेक जॉब्स में बदलाव की बयार : टीमलीज डिजिटल

**मुंबई।** अग्रणी तकनीकी स्टाफिंग और समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी टीमलीज डिजिटल ने आगामी वित्तीय वर्ष 2025 के लिए भर्ती के रुझान और तकनीकी परिदृश्य पर अपने नवीनतम विश्लेषण को सामने रखा है। यह विश्लेषण विभिन्न अनुभव स्तरों पर मांग में वृद्धि के बारे में बताते हुए प्रभावशाली मार्केट फैक्टर्स और तेजी से विकसित होते टेक इंडस्ट्री में स्किल डेवलपमेंट की अहमियत के बारे में बताता है।तकनीकी क्षेत्र में नियुक्ति के संबंध में, नए लोगों, मध्य स्तर के प्रोफेशनल्स और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए अलग-अलग पैटर्न हैं। वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नई प्रतिभा के महत्वपूर्ण नियोक्ता के रूप में उभरे हैं, जो प्रवेश स्तर के उम्मीदवारों को मांग वाले कौशल के लिए उद्योग मानक से 30% अधिक वेतन दे रहे हैं। यह उछाल जारी रहने की उम्मीद है और जीसीसी द्वारा पिछले वर्ष की तुलना में नई नियुक्तियों में 40% की बढ़ोतरी का अनुमान है। सतर्कता के साथ आशावादी होने के साथ आईटी सेवा क्षेत्र, सॉफ्टवेयर विकास, डेटा इंजीनियरिंग और क्लाउड प्रौद्योगिकियों में स्किल की मांग को देखते हुए नई नियुक्तियों में 20-25% की वृद्धि की भी उम्मीद कर रहा है। इस बीच, प्रोजेक्ट मैनेजर्स, डेटा साइंटिस्ट्स और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की लगातार मांग के साथ, मिड-लेवल की भूमिकाएं स्थिरता का प्रदर्शन कर रही हैं। वित्त वर्ष 2024 की तुलना में इन भूमिकाओं में वेतन में 7.89% से 10.2% की वृद्धि देखी गई है, जो बाजार में ऐसे पेशेवरों की जरूरत को बताता है, जो बिजनेस ऑपरेशंस को प्रभावी ढंग से प्रबंधित और संचालित करने के लिए अपने व्यावहारिक अनुभव का इस्तेमाल करने में सक्षम हैं। सीनियर मैनेजमेंट की भूमिकाओं की मांग में पिछले वर्ष के मुकाबले मजबूत 21% की वृद्धि हुई है, जिसका श्रेय डेटा इंजीनियरिंग, प्रॉडक्ट मैनेजमेंट और डेव-ऑप्स में विशेषज्ञता के रणनीतिक महत्व को जाता है। यहां वेतन वृद्धि 6.54% और 10.8% के बीच है।

इसके अलावा, टीमलीज डिजिटल के विश्लेषण से पता चलता है कि कई प्रमुख फैक्टर्स ने टेक हायरिंग में इस सालाना वृद्धि को गति दी है। एआई, मशीन लर्निंग (एमएल) और ऑटोमेशन स्किल में वृद्धि ने डेटा-संबंधित भूमिकाओं की मांग को बढ़ाने का काम किया है। यह रुझान विशेष रूप से डेटा वैज्ञानिकों के लिए नौकरी पोस्टिंग में वृद्धि में स्पष्ट है, जहां 2024 में लगभग 69% ने एमएल कौशल का उल्लेख किया है। नैचुरल लैंग्वेज प्रॉसेसिंग (एनएलपी) में स्किल में भी प्रमुखता से इजाफा हुआ है, जहां 2024 में मांग 5% से बढ़कर 2025 में 19% हो गई है। यह एआई-संचालित समाधानों की ओर एक व्यापक बदलाव का संकेत देता है। इसके अलावा, पायथन प्रोग्रामिंग, एथिकल हैकिंग और पेनिट्रेटिंग टेस्टिंग, एजाइल स्क्रम मास्टर, एडब्ल्यूएस सुरक्षा और जावास्क्रिप्ट जैसे स्किल की बढ़ती आवश्यकता तकनीकी नियुक्ति के विकसित परिदृश्य को दशार्ता है।

क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर की ओर तेजी से हो रहे माइग्रेशन ने क्लाउड इंजीनियरिंग, डेवलपमेंट और आर्किटेक्चर से संबंधित भूमिकाओं में नियुक्तियों को गति दी है। संगठन विशेष रूप से एडब्लूएस और माइक्रोसॉफ्ट अजुरे में प्लेटफॉर्म-विशिष्ट सर्टिफिकेशन को प्राथमिकता दे रहे हैं, क्योंकि इन क्रेडेंशियल्स को तकनीकी पेशेवरों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

पत्राचार कार्यालयः

उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016

मो.- 9554493941

email ID- uttarshaktinews@gmail.com

कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37




**स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति** द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घर्टनपाड़ा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट ब्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। **RNI NO. MAHHIN/2018/76092** ***संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति,** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।

**पत्राचार कार्यालयः** नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com,**

# पेट्रोल पंप कर्मचारी से लूट का पुलिस ने किया खुलासा

## दोनों लुटेरों को गिरफ्तार कर कब्जे से 2.40 लाख किया बरामद

मानीकलाँ,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। खेतासराय पुलिस ने मानी खुर्द गांव के पास पेट्रोल पंप कर्मचारी से हुई लूट का खुलासा किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लूट में शामिल दोनों आरोपियों को बरंगी बेसों नदी के पास से शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। उनके पास से लूट के दो लाख 40 हजार रुपए, लूट में प्रयुक्त बाइक, तमंचा व अन्य सामान बरामद हुआ है। दोनों आरोपियों का चालान न्यायालय भेज दिया। पांच दिन पहले 14 अक्तूबर को मानीकला स्थित केएसके पेट्रोल पंप का कर्मचारी नीरज यादव तीन लाख 55 हजार 850 रुपए बैग में रखकर सीमावर्ती फुलेश दीदारगंज




आजमगढ़ स्थित यूबीआई की शाखा में जमा करने जा रहा था। मानी खुर्द गांव के पास पीछा कर रहे बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने असलहे के बल पर रुपए से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद से पुलिस की टीम बदमाशों को पकड़ने में लग गई थी। घटना के पांचवें दिन लूट खुलासा करते हुए प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे बरंगी प्रतापनगर बेसों नदी के पास दोनों लुटेरों के होने की मुखबिर से सूचना मिली। पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर दोनों आरोऊको गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में एक बदमाश ने अपना नाम संतोष कुमार यादव उर्फ दारा यादव पुत्र सीताराम यादव निवासी कादनपुर, दीदारगंज और दूसरे बदमाश ने इसी गांव का निवासी शुभम यादव पुत्र केदार यादव बताया। पुलिस के अनुसार आरोपी संतोष कुमार यादव ने बताया कि ट्रक का किश्त जमा न हो पाने के कारण उसने गांव के शुभम यादव के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। लूटे गए रुपए में से 49-49 हजार रुपए सहज जनसेवा केंद्र से अपने खाते में डलवाया। 17-18 हजार रुपए खर्च कर दिए।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव, ईश्वर कुमार, नफीस अहमद व अन्य कांस्टेबल शामिल रहे।

# अब पुलिस कार्यालय जौनपुर की महिला कर्मचारीगण भी मिशन शक्ति प्रचार प्रसार के लिये आगे आयी

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शासन के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ0 अजय पाल शर्मा



के निर्देशन में मिशन शक्ति विशेष अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी शाहरुख खाँ एवं क्षेत्राधिकारी सुश्री प्रतिमा सिंह के पर्यवेक्षण व नेतृत्व में थाने की पुलिस महिला कर्मचारियो के अतिरिक्त अब पुलिस कार्यालय जौनपुर की महिला कर्मचारीगण भी मिशन शक्ति प्रचार प्रसार के लिये आगे आयी है। इनकी टीम ने जालांस शॉपिंग माल थाना लाइनबाजार जौनपुर मे कार्य स्थल पर महिलाओ का लैंगिक उत्पीड़न (posh act) के बारे मे जानकारी देते हुये वहाँ के समस्त महिला कर्मचारियो व मॉल मे आयी महिलाओ,बालिकाओ को किया जागरूक किया तथा थाना जफराबाद रायपुर बीट क्षेत्र मे भी आगनवाडी महिलाओ के साथ मिलकर किया सम्पूर्ण तन्मयता के साथ जागरुक करते हुये उनकी समस्या को भी सुना। इस दौरान सरकार की योजनाओ के बारे मे तथा टोलफ्री नम्बरो के बारे में भी जानकारी दी गई। थाने की महिलाओं के साथ-साथ अब पुलिस कार्यालय/ पुलिस लाइन की महिलाएं भी मिशन शक्ति के अंतर्गत बीट में जाकर महिलाओं को जागरुक कर रही हैं।

# कृषि राज्य मंत्री ने आराजी लाइन के प्रगतिशील किसान को बेस्ट फार्मर कृषि सम्मान अवार्ड से किया सम्मानित

**डॉ.एस.के.मिश्र संवाददाता**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। राजातालाब आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के टड़िया निवासी प्रगतिशील



किसान प्रकाश सिंह रघुवंशी को लखनऊ स्थित विपिन खंड गोमती नगर में आयोजित राज्य स्तरीय फॉर्म एंड फूड कृषि अवार्ड पुरस्कार ग्रहण समारोह कार्यक्रम में खाद्य पदार्थ प्रसंस्करण कृषि राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा बेस्ट फार्मर कृषि सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिससे क्षेत्र के किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी। इन्होंने किसानों को बीज से बीज बनाने हेतु गेहूं के कुदरत 9 को सैंपल के रूप में फ्री वितरित किया। प्रगतिशील किसान श्री प्रकाश रघुवंशी को विगत कुछ दिन पहले गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा कृषि गौरव पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से चयनित प्रगतिशील किसान प्रकाश सिंह रघुवंशी द्वारा जैविक पद्धति अपना कर विभिन्न फसलों का अधिकतम उत्पादन करने तथा विभिन्न सब्जियों के स्वदेशी बीजों का निर्माण करने व कुदरत 9 गेहूं का अधिक उत्पादन तथा किसानों का उत्पादन बढ़ाने सहित कृषि क्षेत्र में किए गए विभिन्न प्रयोगो को लेकर यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

# चकबंदी विभाग व भूमाफियाओं की वजह से बुजुर्ग बेघर होने को मजबूर

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। चकबंदी कताओं की गलती की वजह से दर दर ठोकरे खाने को मजबूर 72 वर्षी बुजुर्ग आज न्याय के लिए जिलाधिकारी के यहां पत्र लेकर पहुंचा और न्याय की मांग की। जिलाधिकारी की लोकप्रियता और न्याय को देखते हुए बुजुर्ग न्याय के उम्मीद में घर लौटा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर तहसील के रामपुर जमीन हिसामपुर गांव निवासी 72 वर्षीय रमाशंकर 1986 से एक कमरा एवम मडहा डालकर पशु,प्राणी सहित रहते हैं, गांव में चकबंदी के दौरान 2010 में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से अपने हिस्से की भूमि पर 0.015 हे0 पर मकान बनाने हेतु आदेश लिया और इस आदेश के क्रम में एक कमरा, टीन सेड, लैट्रिन, सोखता आदि बनवा लिया, चकबंदी के दौरान रामाशंकर के हिस्से की भूमि उसी निर्माण वाले स्थान पर देकर काबिज भी कराया गया लेकिन इसके विपरित बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के आदेश को दरकिनार कर उसी मकान पर अन्यत्र दिशा में काबिज श्यामा देवी की चक को लाकर बैठा दिया गया। नक्शे को



गलत बनाकर श्यामा देवी जिस जमीन को लेकर रामाशंकर के मकान पर आई है ओ बैनामे की है लेकिन कोई चौहद्दी नहीं है जबकि बैनामा बगैर चौहद्दी के नही होता है।उक्त शिकायत को लेकर रामाशंकर द्वारा 2013 से लगातार शिकायती पत्र तमाम उच्चाधिकारियों को दिया गया लेकिन किसी ने नहीं सुनी थक हारकर चकबंदी अधिकारी सिद्दीकपुर के यहां वाद दाखिल किया जिसमे आजतक केवल और केवल तारीख ही मिलती रही है। आसपास के सभी लोगो ने मकान बनवा लिया है। जबकि उक्त चकबंदी कताओं की मिलीभगत से श्यामा देवी के परिवार वाले अब रामाशंकर के मकान को अपना बताकर भूमाफियाओं के हाथों बेचना चाहते हैं। इस परिस्थिति में यदि जल्द से जल्द मामले पर संबंधित अधिकारियों द्वारा निस्तारण न किया गया तो 72 वर्षीय बुजुर्ग रमाशंकर बेघर हो जाएगा। रामाशंकर का कहना है कि अगर गलती चकबंदी कताओं की है तो उसे विभाग सुधार कर हमे न्याय दे हम बुजुर्ग को क्यों परेशान किया जा रहा है यदि हमें न्याय नहीं मिलता है तो हम जल्द ही परिवार सहित माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष अपनी समस्या को लेकर जाएंगे।

# भविष्य के लक्ष्यों के प्रति रहे समर्पितः प्रो.अजय प्रताप सिंह

## बीए के विद्यार्थियों ने फ्रेशर पार्टी कर नवागन्तुकों का किया स्वागत

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान संकाय के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग और जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के बी.ए. फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करना और उन्हें विश्वविद्यालय के माहौल से परिचित कराना था। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह ने उच्च शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें अपने भविष्य के लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थी न केवल एक-दूसरे से घुलमिलते हैं, बल्कि उनके आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। डॉ सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मेरीटोरियस छात्र बनने के साथ अपने ज्ञान से समाज को नई दिशा देना होना चाहिए, तभी हम अच्छे नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन सकते हैं। डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने कहा कि



शिक्षा के साथ संस्कार और व्यवहार को भी प्राथमिकता देना चाहिए यही जीवन में आगे काम आता है। डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों के सफलता के मंत्र समझाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी सृजनशीलता पर ध्यान दें। बीए फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें नृत्य, गायन और नाटक जैसी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके साथ ही, कुछ मजेदार खेल और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें फ्रेशर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में फाइनल वर्ष के विद्यार्थियों ने नए विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर उनका स्वागत किया और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे अपने शैक्षणिक जीवन में बेहतर प्रदर्शन करें। संचालन सृष्टि विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ अन्नू त्यागी, डॉ चंदन सिंह, डॉ मनोज पांडेय, डॉ सुरेंद्र यादव डॉक्टर अमित मिश्र, सुमित सिंह, श्वेता मौर्य, रजनीश गौतम, ईशिता, कृति, सौम्या, अनुराधा आदि उपस्थित थे।

# कमीशन बढ़ोतरी को लेकर कोटेदार संघ ने किया प्रदर्शन

**रियाजुलहक संवाददाता नगर**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कोटेदार संघ ने जौनपुर नगर तथा जिले के सभी कोटेदारों ने मिलकर आज



अपनी मुख्य मांग कमीशन 200 रुपए कुंतल बढ़ोतरी को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और यह अवगत कराया कि आने वाले 4 दिसंबर को प्रदेश के सभी कोटेदार जवाहर भवन लखनऊ का घेराव करेंगे। अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो 7 दिसंबर से प्रदेश के सभी कोटेदार हड़ताल पर चले जाएंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशाशन की होगी। आज के प्रदर्शन मे मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी, जिला अध्यक्ष हरसु सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर निगम, नगर महामन्त्री मो सलीमुल्ला, नगर कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल मंत्री प्रशांत जायसवाल, अनुज, फिरोज, संतोष यादव, सरिता सोनकर, ईश्वरचंद, महेंद्र यादव, कामता प्रसाद, राकेश मिश्र, संतोष श्रीवास्तव, राजकुमार यादव, वेद कुमार, अभय सिंह सहित अन्य कोटेदार भी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

# चोरों ने पोरईकलां में तीसरे घर को बनाया निशाना

## ताबड़तोड़ चोरी की घटना से क्षेत्र में दहशत

खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के पोरईकलां गाँव ताबड़तोड़ चोरी की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और पुलिस के कार्य प्रणाली पर गहरा सवाल खड़ा हो रहा है। एक के बाद एक चोरी की घटना लगातार होती जा रही है। पुलिस इस पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। एक ही गाँव में लगातार तीन चोरी की घटना को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस के नाक में दम कर दिया है। उक्त गाँव निवासी राम प्यारे चौरसिया अपने मकान में नीचे रहते हैं बताया जाता है कि उनके आँख से कम दिखता है, कान से कम भी सुनाई देता है गुरुवार की रात चोरों ने इसका फायदा उठाते हुए उनके दूसरे तल पर चढ़कर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया यहां चोरों ने घर में रखा बर्तन समेत अन्य सामान समेत हजारों रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिए फिलहाल परिवार के लोग मुंबई में रहते हैं यहां केवल श्री चौरसिया ही रहते हैं घटना के सम्बंध में पीड़ित का कहना है कि आँख से कम और कान से कम सुनाई देने से घटना की स्पष्ट नहीं बता सकता है लेकिन परदेश रह रहे आने के बाद बेटा के आने के बाद पूरी जानकारी देगा।गौरतलब है कि यहां पहले आनंद सिंह फिर विकास विश्वकर्मा अब प्यारे चौरसिया के यहां तबाद तोड़ चोरी से लोग दहशत में हैं।

# श्रीराम कथा आयोजन के एक दिन पहले विशाल कलश यात्रा की बनी रणनीति

## आकर्षक झांकियों के साथ भगवा रंग में रंगेगा जौनपुर

**रियाजुलहक खान**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नौ नवम्बर को जौनपुर के इतिहास में अभूतपूर्व आध्यात्मिक चेतना का परचम लहराएगा। उस दिन कलश यात्रा में पीत परिधानों में पांच हजार महिलाए सिर पर चुनरी और कलश धारण किए नगर के चप्पे चप्पे में इतिहास की एक तारीख और नई इबारत लिखेगी। यह बात प्रख्यात समाजसेवी एवं उद्यमी तथा श्रीराम कथा 2024 के मुख्य आयोजक ज्ञानप्रकाश सिंह ने स्थानीय सुंदरनगर उमरपुर



स्थित चस्का रेस्टोरेंट में श्रीराम कथा संचालन टोली को संबोधित करते हुए कहा। ज्ञानप्रकाश सिंह ने कहा कि श्रीराम कथा की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। कलश यात्रा में विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों द्वारा झांकियो का प्रदर्शन किया जाएगा। कलश, सेवा भारती के बैनर तले बीआरपी इण्टर कालेज के मैदान स्थित आयोजित श्रीराम कथा स्थल के भव्य पांडाल में स्थापित किया जायेगा। गाजे बाजे के साथ इस कलश यात्रा में हजारों हजार श्रद्धालु नर नारी शामिल होंगे। बीआरपी कालेज से लगायत जौनपुर नगर भगवा रंग से पट जायेगा और समूचा वातावरण राममय हो जायेगा ऐसी योजना बनाई जा रही है। आरएसएस काशी प्रांत के प्रांत कार्यवाह मुरली पाल ने श्रीराम कथा की सफलता हेतु एक रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कार्य योजना को अंतिम रूप प्रदान करते हुए कार्य का वितरण किया। बताया की संघ सहित उसके सभी अनुसांगिक संगठन तथा समविचारी स्वयंसेवी संगठनों एवं मातृशक्ति का श्रीराम कथा में भरपूर सहयोग मिल रहा है। सेवा भारती जौनपुर के जिलाध्यक्ष डा तेज सिंह ने भी संबोधित किया।

मुख्य रूप से जिला संघचालक डा.सुभाष सिंह, डा.वेदप्रकाश सिंह, विमल सिंह, कुंवर प्रदीप सिंह, डा.उदय सिंह, डा.अंजना सिंह, प्रीति गुप्ता, शशि मौर्या, अंजू पाठक, राखी, डा.अंजना श्रीवास्तव, माधुरी गुप्ता, डा.सरला त्रिपाठी, गुंजन चौहान, विनोद, स्कंद पटेल, सोनी जायसवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के प्रस्तावित काशी आगमन को लेकर तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

## ◆ सुरक्षा व्यवस्था पर कोई कोताही न होः डीजीपी

वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित काशी दौरे को लेकर बुधवार को मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश मनोज कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और अन्य अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान किए गए तैयारियों का विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य सचिव



और डीजीपी उत्तर प्रदेश प्रशांत कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे। सभी विभाग करें तन्मयता से तैयारीः मुख्य सचिव मुख्य सचिव मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे अपनी तैयारियां पूरी तन्मयता और समर्पण के साथ करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान ट्रैफिक डायवर्जन और मूवमेंट को सुचारू बनाए रखने के लिए पुख्ता व्यवस्था की जानी चाहिए।ताकि आम जनता को कोई असुविधा न हो।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सुरक्षा के प्रबंध पूरी तरह चाक-चौबंद हों और किसी भी स्तर पर कोई कोताही न बरती जाए। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों की तैयारियां की जा चुकी हैं। मंडलायुक्त ने दिए विशेष निर्देश मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने नगर आयुक्त को पूरे शहर में साफ-सफाई और लाइटिंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए और प्रमुख चौराहों की सजावट के साथ डिवाइडर की पेंटिंग कराई जाए। इसके अलावा, सभी सभा स्थलों पर मोबाइल टॉयलेट, बाथरूम और पीने के पानी की व्यवस्था पर भी जोर दिया। बिजली विभाग को निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार का पावर कट न हो और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में शामिल अधिकारी इस समीक्षा बैठक में अपर पुलिस आयुक्त एस. चिनप्पा, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, डीएफओ वाराणसी स्वाति सिंह, एडीएम सिटी आलोक वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद थे। सभी अधिकारियों को प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए निर्देशित किया गया।ताकि प्रधानमंत्री का दौरा सफल और सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके।

# पंखे का बटन चालू करते ही करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**प्रियेश गुप्ता रुद्र संवाददाता**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जफराबाद थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात को करंट की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गयी। घटना की सुचना पर परिवार में हडकंप मच गया। बीबीपुर गांव में शुक्रवार की देर रात को उक्त गांव निवासी राम अकबाल सिंह पुत्र स्व.राम कुबेर सिंह अपने पोते व बहू के साथ बैठे थे। अचानक गर्मी लगने की वजह से घर मे रखे फरार्टा पंखा चालू करने के लिए जैसे ही आगे बढ़कर स्विच ऑन किया। वैसे ही करंट की चपेट में आ गए। परिजन व स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों की टीम ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो बेटे है बड़ा बेटा सोनू सिंह गांव में रहकर खेती व किसानी का काम करता है। वहीं दूसरा बेटा मोनू सिंह दिल्ली में नौकरी करता है। बड़े बेटे और बहू, पोते के साथ गांव में रहकर बड़े बेटे के साथ खेती किसानी का काम देखता था।




# नकाबपोश बदमाशों ने लाइनमैन को पीटकर किया अधमरा

**धर्मेन्द्र कुमार शर्मा**

महराजगंज, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना क्षेत्र के राजाबाजार फीडर पर कार्यरत एक लाइनमैन को गुरूवार देर शाम विद्युत का तार ठीक करते समय बाइक से मुंह पर कपड़ा बांधे पहुंचे मनबढ़ लोगों ने लाठी, डंडा, हाकी से पीटकर अधमरा कर दिया। जिससे उसका हाथ फैक्चर हो गया और सिर में गम्भीर चोटे आई। पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बनकट भरथी निवासी लाइनमैन 45 वर्षीय रमेश सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह कोबी गद्दोपुर मोड़ राजाबाजार फीडर का 11 हजार वोल्टेज लाइन का तार ठीक कर रहा था। इसी बीच एक बाइक से मुंह पर कपड़ा बांधे पहुचे लोगों ने लाठी, डंडा, हॉकी से पीट कर अधमरा कर कर दिया । शोर सुनकर ग्रामीणों ने जब पीछा किया तो मनबढ़ भाग निकले। स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाकर इलाज कराया। घटना की लिखित तहरीर पर पुलिस सचिन और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दिया है।

# गियानी'एस आइसक्रीम पार्लर का हुआ उद्घाटन

**बख्तियार आलम**, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वाजिदपुर तिराहे पर गियानी'एस आइसक्रीम पार्लर की एक प्रतिष्ठान का उद्घाटन समाजसेवी के द्वारा किया गया बड़े शहरों के तर्ज पर जौनपुर में भी आइसक्रीम की






बेहतरीन क्वालिटी और वैरायटी का आनंद लोग उठा सकते हैं। शॉप के प्रोपराइटर ख्वाजा अहमद हसन ने बताया कि पूर्व में यह शॉप नानक परिसर मे थी उसे शिफ्ट करके वाजिदपुर तिराहे पर खोला गया है। ख्वाजा अहमद हसन ने आए हुए सभी मेहमानों का धन्यवाद दिया और सभी लोगों ने उनके नए प्रतिष्ठान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# कुँवर विक्रांत सिंह का जेआरएफ में हुआ चयन

**निशानाथ**, खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकास खण्ड शाहगंज सोंधी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कनवरिया गांव निवासी कुँवर विक्रांत सिंह का भूगोल से जेआरएफ में चयन हुआ है जिससे सुख-चिंतकों में खुशी की लहर छा गई। जेआरएफ परीक्षा का परिणाम आने पर 99.72 पर्सेंटाइल पाकर भूगोल विषय में चयन हुआ। उनके चयन से उनके परिवार व गांव में हर्ष व्याप्त है। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर परिजनों ने खुशी का इजहार किया। वहीं उनके घर पर बधाई देने वालों लोगों का ताता लगा हुआ है। विदित हो कि उक्त निवासी सन्तोष सिंह का पुत्र कुंवर विक्रांत सिंह अपनी परास्नातक की पढ़ाई काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से किया है। वह शुरू से मेधावी के रूप में अपनी पहचान बनाई थी। अपनी कड़ी मेहनत के बाद जेआरएफ में चयन हुआ। इसने सफलता पर सुख-चिंतक और बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है।



# जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद में धूमधाम से मनायी गयी वाल्मीकि जयंती

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के नेतृत्व में जनपद में वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनायी गयी।आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर तहसील, ब्लाक तथा जनपद स्तर पर महर्षि वाल्मीकि से सम्बन्धित स्थलों सहित विभिन्न देवालयों और मन्दिरों मे भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम, रामायण पाठ आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रशासन के द्वारा आयोजन स्थल पर साफ-सफाई आदि की व्यवस्था की गयी थी। संस्कृति विभाग से पंजीकृत कलाकारो के द्वारा विभिन्न मंदिरों में भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम/रामायण पाठ/भजन आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सोनम सरोज एण्ड पार्टी के द्वारा सदभावना पुल के नवदुर्गा मन्दिर, अब्दुल राशिद एण्ड पार्टी के द्वारा हनुमान मन्दिर जलालपुर, विजय बहादुर एण्ड पार्टी के द्वारा हनुमान मन्दिर गौराबादशाहपुर सहित अन्य कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम/रामायण पाठ/भजन आदि कार्यक्रम किया गया।

## फाउंडेशन ने अलंकरण समारोह में युवा प्रतिभा का किया सम्मान



**मुंबई।** भारती एयरटेल फाउंडेशन ने हाल ही में नई दिल्ली में भारती एयरटेल छात्रवृत्ति कार्यक्रम के अंतर्गत 282 योग्य छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए एक महत्वपूर्ण समारोह का आयोजन किया। ये भारती स्कॉलर्स विविध सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हैं, तथा भारत के शीर्ष 50 एनआईआरएफ इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रम पढ़ रहे हैं। समारोह में इन स्कॉलर्स की प्रेरणादायक यात्राओं पर चर्चा की गई और प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने देश के भविष्य को आकार देने में शिक्षा के महत्व और इन स्कॉलर्स के जीवन में छात्रवृत्ति के परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित किया। यह फाउंडेशन शिक्षा के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार समर्पित रहा है। इस परोपकारी उद्यम के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, इस प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति को 4,000 स्कॉलर्स तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है, जिसमें कार्यक्रम के पूर्ण क्षमता तक पहुंचने पर प्रति वर्ष 100 करोड़ रुपये से अधिक का परिव्यय होगा।

## भारत का कनाडा को करारा जवाब, 6 राजनयिकों को किया निष्कासित

**दिल्ली।** भारत ने सोमवार को कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया। भारत ने यह फैसला जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारतीय राजनयिकों के जुड़े होने के कनाडा के हालिया आरोपों के बाद लिया है। इसके साथ ही भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा और अन्य राजनयिकों को भी वापस बुलाने का फैसला किया है। भारत ने कनाडा के उस डिप्लोमैटिक कम्युनिकेशन को सिरे से खारिज करते यह कड़ा जवाब दिया है, जिसमें कनाडा ने भारतीय उच्चायुक्त सहित अन्य राजनयिकों पर खालिस्तान समर्थक निज्जर की हत्या में शामिल होने का निराधार आरोप लगाया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कार्यवाहक उच्चायुक्त स्टीवर्ट रॉस व्हीलर सहित छह कनाडाई राजनयिकों को 19 अक्टूबर की रात 11:59 बजे से पहले भारत छोड़ने को कहा है। इससे पहले भारत ने कनाडा के दिल्ली स्थित उच्चायोग को समन भी भेजा था, जिसमें कहा गया था,कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को आधारहीन तरीके से निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। समन में कहा गया, इस बात पर जोर दिया गया कि उग्रवाद और हिंसा के माहौल में ट्रूडो सरकार की कार्रवाई से उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। हमें उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कनाडाई सरकार की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है। इसलिए, भारत सरकार ने उच्चायुक्त और अन्य लक्षित राजनयिकों एवं अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने कनाडा को बता दिया है कि ट्रूडो सरकार जिस तरह से भारत के खिलाफ अलगाववाद और अतिवाद का समर्थन कर रही है, उसके जवाब में भारत आगे कदम उठाने का अधिकार रखता है। वहीं अब जस्टिन ट्रूडो की भारत के प्रति आक्रामकता, कनाडाई प्रधानमंत्री की घरेलू स्तर पर गिरती लोकप्रियता और उनके खिलाफ बढ़ते असंतोष के साथ मेल खाती है। इसे अगले वर्ष के संघीय चुनावों से पहले राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिख समुदाय को लुभाने के रूप में देखा जा रहा है। कनाडा में बढ़ती अपराध दर, संकटग्रस्त हेल्थ सर्विस सिस्टम और बढ़ती कॉस्ट ऑफ लिविंग के बीच, इप्सोस सर्वेक्षण से पता चला है कि केवल 26 प्रतिशत लोग ही ट्रूडो को सर्वश्रेष्ठ पीएम उम्मीदवार के तौर पर देखते हैं। उनकी लोकप्रियता विपक्षी कंजर्वेटिव नेता पियरे पोलीवरे से कम आंकी गई है।

## एनयूजेआई की महाराष्ट्र इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन, हंसराज कनौजिया बने अध्यक्ष



मुंबई। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, इंडिया से संबंद्ध महाराष्ट्र इकाई की एनयूजेआई उपाध्यक्ष व पर्यवेक्षक शिवेंद्र कुमार की देखरेख में हिन्दू जिमखाना, मैरिन लाइंस, मुंबई में 8 अक्तूबर, 2024 को आयोजित एक बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसके अलावा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। नई कार्यकारिणी में मुंबई इकाई के अध्यक्ष हंसराज कनौजिया ( तरुणमित्र), महासचिव मयूर पारिख (न्यूज कंटी-न्यूज) और कोषाध्यक्ष वसुधा धुमक (खबरें-आज तक) चुनी गईं। तीन उपाध्यक्षों में बाबा लोंढे, संजना भारती गांधी (पुणे) अजीत सिंह मट्टा के नाम प्रमुख हैं। जिन 4 सचिवों को नई कार्यकारिणी में शामिल किया गया उनमें पी सी कपाड़िया, (फिल्मी एक्शन -छपू.कॉम), शरवरी ए. जोशी (फ्रीलांस पत्रकार), राज पांडे, (सीईएन न्यूज), मनीष शेठ (जनसत्ता-लोकसत्ता) के नाम प्रमुख हैं। दो कार्यालय सचिवों में सर्वश्री दिनेश सावलिया (गुजराती मिडडे) और सुनील निकम (जनसंदेश टीवी) (नासिक) के नाम प्रमुख हैं। मीडिया सेलः में चुने गए दो मीडियाकर्मियों के नाम इम्तियाज अजीम (सहारा समय टीवी) जिग्ना दत्ता (जी-5) हैं। इसके अलावा 8 कार्यकारी सदस्य भी चुने गए जिनके नाम क्रमशः शांथ कुमार (टाइम्स ऑफ इंडिया), शादाब खान (मिडडे इंग्लिश) सतीश सोनी (जीएसटीवी न्यूज चैनल), मनीष गुप्ता (दैनिक भास्कर), विजय गोहिल (फ्री-प्रेस जर्नल्स), अर्जुन कांबले (सामना-हिंदी), विजय बाटे (साकाल), सुषमा पाटिल (सकाल, पुणे), इम्तियाज शेख (उर्दू टाइम्स), रमाकांत मुंडे (बॉलीवुड न्यूज), परेश बी मेहता (संपादक-फिल्मी टाउन), विरल व्यास (जन्मभूमि-गुजराती डेली) अल्पेश विजय म्हात्रे (दैनिक प्रहार)के नाम प्रमुख हैं।

## प्रधानाध्यापिका बनने पर हार्दिक अभिनंदन



मुंबई। वडाला स्थित एन. के. ई. एस स्कूल में श्रीमति नितिना शुक्ला की नियुक्ति हुई। इस अवसर पर सेकेंडरी स्कूल क्रेडिट सोसाइटी के अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने पुष्प गुच्छ देकर हार्दिक अभिनंदन किया तथा शुभ कामनाएं भी दी। श्रीमति नितिना शुक्ला 22 वर्षों से एन.के. ई. एस हाई स्कूल में सह शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं तथा स्कूल के उत्थान में काफी योगदान रहा। श्रीमती नितिना शुक्ला को उनके गणित और विज्ञान के श्रेत्र राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिलें हैं। विद्यालय मैनेजमेंट के पदाधिकारियों ने श्रीमती नितिना शुक्ला के इन सराहनीय कार्यों के देखते हुए विद्यालय के मुख्याध्यापिका पद के लिए नियुक्त किया। पूर्व प्रधानाध्यापिका श्रीमती उमा माहेश्वरी का कार्यकाल 30 सितंबर 2024 को पूर्ण हुआ तथा श्रीमती नितिना शुक्ला का कार्यकाल 1 अक्टूबर 2024 से शुरू हुआ। इस पद की औपचारिक घोषणा मैनेजमेंट के अध्यक्ष पार्थ सारथी, पदाधिकारी शशिकांत जोशी, अनंत बनवासी, श्रीमती पद्मजा बनवासी, तथा भवानी भार्गव मैडम द्वारा की गई। श्रीमती नितिना शुक्ला मैडम का अभिनंदन सभी सामाजिक संस्थाओं तथा शिक्षण विभाग कार्यालय द्वारा किया गया तथा भविष्य उनका कार्यकाल ऐसे ही स्कूल के उत्थान चलता रहे शुभकामनाएं भी मिली। श्रीमती नितिना शुक्ला को न केवल सामाजिक संस्थाओं तथा शिक्षण संस्थाओं द्वारा अभिनंदन किया गया अपितु उनके द्वारा पढ़ाए गए विद्यार्थियों द्वारा अभिनंदन तथा शुभकामनाएं दी गई। नवनियुक्त प्रधानाध्यापिका ने सभी को यह भरोसा दिलाया कि वे अपने कार्यों को इसी प्रकार विद्यालय के उत्थान में जारी रखेंगी।

## उषा की वॉटर हीटर की नई रेंज: हर घर के लिए विश्वसनीय आराम

मुंबई। सर्दियों के आने के साथ, एक विश्वसनीय वॉटर हीटर घर पर आराम सुनिश्चित करने में बहुत बड़ा अंतर ला सकता है। उषा वॉटर हीटर दक्षता और स्थायित्व को जोड़ता है, जो सबसे ठंडे दिनों में भी गर्म पानी की निरंतर आपूर्ति प्रदान करता है। हर रोज की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया, यह सुरक्षित संचालन और ऊर्जा-बचत सुविधाएँ प्रदान करता है, जो इसे आने वाले मौसम के लिए एक व्यावहारिक विकल्प बनाता है। चाहे सुबह की बौछार हो या लंबे दिन के बाद गर्म स्नान, ये वॉटर हीटर आपको सर्दियों के महीनों का सामना आसानी और आराम से करने में मदद करने के लिए बनाए गए हैं। जैसे-जैसे दिन-ब-दिन हवा में ठंडक बढ़ती जा रही है, दिन की शुरूआत या अंत के लिए गर्म,



ताजगी भरे स्नान से ज्यादा आरामदायक कुछ नहीं हो सकता। चाहे आप शाम की थकान मिटाने के बाद आराम कर रहे हों या व्यस्त सुबह के लिए तैयार हो रहे हों, उषा एक्वा होराइजन वॉटर हीटर सुनिश्चित करता है कि आपको हमेशा गर्म पानी की जरूरत हो, ठीक उसी समय जब आपको इसकी जरूरत हो। आधुनिक घरों के लिए डिजाइन किया गया यह वॉटर हीटर आपके नहाने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तकनीक के साथ-साथ सुंदरता का मिश्रण करता है, जो न केवल गर्मी देता है, बल्कि बेजोड़ विश्वसनीयता और सुरक्षा भी देता है। ऊषा एक्वा होराइजन वॉटर हीटर एक सुपर स्लिम 310 मिमी व्यास वाली बॉडी से सुसज्जित है, जो सुपीरियर-ग्रेड अइर प्लास्टिक से बनी है, जो इसे कॉम्पैक्ट स्पेस में क्षैतिज माउंटिंग के लिए आदर्श बनाती है। यह तेज हीटिंग और अधिकतम दक्षता के लिए व्हर्ल फ़्लो तकनीक का दावा करता है, जो गर्म पानी तक त्वरित पहुँच सुनिश्चित करता है। एक उच्च परिशुद्धता वाले केशिका थर्मोस्टेट और थर्मल कटआउट से सुसज्जित, वॉटर हीटर तापमान के सुरक्षित सीमा से अधिक होने पर स्वचालित रूप से बिजली काट देता है, जिससे उपयोगकताओं को मानसिक शांति मिलती है। इसके अतिरिक्त, इंटेलीवाल्व मल्टी-फंक्शन सुरक्षा वाल्व अतिरिक्त दबाव को छोड़ता है, पानी के बैकफ़्लो को रोकता है, और सुरक्षा भंग होने की स्थिति में पानी को बाहर निकाल सकता है। आंतरिक टैंक एक टिकाऊ ग्लास लाइन इनेमल के साथ लेपित है, जबकि रर 316 हीटिंग तत्व में विस्तारित जीवन के लिए ग्लास लाइन कोटिंग है। 8 बार तक के दबाव को झेलने के लिए बनाया गया, यह वॉटर हीटर ऊँची इमारतों के लिए एक आदर्श विकल्प है। 2000ह की बिजली खपत के साथ 230V/50Hz पर संचालित, ऊषा एक्वा होराइजन प्रदर्शन से समझौता किए बिना कुशल ऊर्जा उपयोग सुनिश्चित करता है।

## उभामो कार्यालय में मना वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पाण्डेय का जन्म दिन



**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** वरिष्ठ पत्रकार एवं बीएमसी मनपा शिक्षा जगत से सेवा निवृत्त शिवपूजन पाण्डेय का जन्म दिन भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा कार्यालय मीरा भाईंदर के कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुरेश सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। जन्म दिन सामारोह में वरिष्ठ समाज सेवक रत्नाकर मिश्रा, पूर्व सभापति, नगरसेवक मनोज रामनारायण दुबे, भाजपा नेता सुरेश दुबे,अधिवक्ता डी. के. पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र पाण्डेय, कमलेश दुबे, जय प्रकाश पाण्डेय, सुरेंद्र तिवारी, ओम प्रकाश सिंह, ठाकुर योगेश सिंह, राजू राय के साथ साथ सैकड़ों गणमान्यों ने जन्म दिन पर शाल, श्रीफल एवं गुलदस्ता देकर जन्म दिन की बधाई दी। वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पाण्डेय ने उपस्थित लोगो का धन्यवाद करते हुए खुशी व्यक्त किए।

## प्रा जितेंद्र शंकर पाण्डेय का सम्मान समारोह संपन्न

**पूना (उत्तरशक्ति)।** संत गाडगे बाबा जेष्ठ नागरिक संघ काशिद पार्क पिंपले गुरव ने अपने कार्याध्यक्ष प्रा जितेंद्र शंकर पाण्डेय के सम्मान में समारोह का आयोजन मराठा होटल में किया।४२ वर्षों तक कल्याण में रहते हुए शिक्षा,समाज, धार्मिक व साहित्यिक क्षेत्र में कार्य करते हुए विभिन्न सम्मानों के साथ समाज रत्न सम्मान से सम्मानित हुए।विगत लगभग तीन वर्षों से पूना में रहते हुए आप संत गाडगे बाबा जेष्ठ नागरिक संघ से जुड़ गए। यहां भी कुछ ही समय बाद संघ के कार्याध्यक्ष पद चुन लिया गया। इंजीनियर बेटे रजत पाण्डेय का स्थानांतरण बंगलौर होने के कारण आपको पद से त्यागपत्र देना पड़ा।इसके उपलक्ष्य में संस्था द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सत्कार मूर्ति को शाल, श्रीफल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रकाश चिटणिस, अविनाश शारटी,



चांदमल सिंघवी,धनेश कुमार पुरोहित, कोषाध्यक्ष बाला साहेब मेहरे,उप कोषाध्यक्ष संजय फडतरे, बोडके,धुमाल,नारायणे, अशोक बोडखे इत्यादि माननीय सदस्यों ने अपने मनोगत में पाण्डेय जी की व्यवहार कुशलता, विनम्रता, सरलता, विद्वता, कार्यकुशलता, सामाजिकता व बुद्धिमत्ता की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था का आभार व्यक्त करते हुए पाण्डेय जी ने कहा,ꣲ मेरे बारे में वक्ताओं ने मेरी अच्छाइयों का जो बखान किया उसका पूरा श्रेय मेरी मां कृष्णा देवी को है। उपाध्यक्ष जी ने मेरे बच्चों अच्छा बताया तो इसका श्रेय मेरी धर्मपत्नी ज्योत्स्ना को है। मेरे हमेशा खुश रहने की बात कही गई तो इसका श्रेय मेरी बहु सविता को है। साथ ही मेरी तीनों बेटियां एकता, अंकिता व अर्पिता हमेशा मेरे साथ रही। मेरे शुभचिंतको, मित्रों व सहयोगियों का साथ मुझे हमेशा धनात्मक मिला।संत गाडगे बाबा जेष्ठ नागरिक संघ के सभी पदाधिकारीयों व सदस्यों का पूरी तरह से आभारी हूं।आप लोगों के प्यार, दुलार व आदर ने मुझे खरीद लिया है। संस्था के अध्यक्ष श्री कृष्ण फिरके ने कहा, आज हम लोग अपना एक बहुत बड़ा शुभचिंतक व मार्गदर्शक खो रहे हैं। आपका जाना हमारे लिए अपूर्णीय क्षति है।हम सब आपके सुंदर स्वास्थ्य, प्रसन्नता व लंबी उम्र की कामना करते हुए ईश्वर चरणों में प्रार्थना करते हैं कि आप जल्द ही वापस पूना आएं। गिरिधर सोलंकी की मधुर आवाज में गाए गए गीतों ने सभी को अभिभूत कर दिया।इस समारोह में चंद्रकांत बागुल, अशोक नवगन,सौ कुमुद फिरके,सौ सुनिता जाधव, श्रीमती लता पाटील,सौ भोइटे,सौ सविता पाण्डेय, रजत पाण्डेय,माधव पाण्डेय,दिघे साहब सहित संस्था के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। समारोह का सफल संचालन संस्था के सचिव सूर्यकांत भागवत ने किया।अंत में गरम गरम नाश्ते व चाय के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## आदेश कुमार मिश्र सीईओ बनाए गए



मुंबई। महाराष्ट्र सरकार द्वारा पत्रकार आदेश कुमार डी मिश्र को विशेष कार्यकारी अधिकारी सीईओ के पद पर नियुक्ति किया गया है। सीईओ की नियुक्ति पर आदेश कुमार मिश्र ने महाराष्ट्र सरकार के कैविनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा एवं मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। सीईओ बनाए जाने पर समाजसेवी डॉ विजय पंडित कल्याण, शिव सेना नेता जयप्रकाश सिंह, श्री रामलीला उत्सव समिति पार्कसाईट (मुंबई) के प्रमुख मार्गदर्शक चंद्रशेखर शुक्ल, अध्यक्ष प्रभाकर शुक्ल, दिवाकर मिश्र, रामबिलास पाठक, आई पी पांडेय, दलजीत पांडेय, दिना सिंह, राजेश सिंह, हरिश पांडेय, सर्वदेव पांडेय, राजकुमार तिवारी, बाबुलनाथ तिवारी, भोलानाथ मिश्र, बृजेश शुक्ल, विमलेश मिश्र, मनिकेश तिवारी, रत्नेश शुक्ल, अरविंद शुक्ल, दिनेश सिंह, आचार्य नीरज मिश्र, अवधेश तिवारी, रवीश दुबे, संजय मिश्र,चंद्रेश दुबे, देवेंद्र प्रताप सिंह, आशीष तिवारी,चंदमणि सिंह, राजन सिंह, राजेश सिंह, ब्रम्हदेव दुबे, शुभम सिंह, सुरज शुक्ल, विमलेश पांडेय, विशाल सिंह, सचिन शुक्ल, अशोक गुप्ता, प्रवीण व्यास, मदन सिंह राजपुरोहित, रमेश राजभर राजेश पांडेय, बेचु प्रजापति, प्रिंस जैन, विजय गुप्ता, आकाश दुबे, प्रेम तिवारी सहित तमाम लोगों ने आदेश मिश्र के प्रति खुशी जाहिर करते हुए हार्दिक शुभाकमनाएं दी।

## टेनिस लीजेंड आंद्रे आगासी का TiE ग्लोबल समिट 2024 में जलवा, उद्यमियों को देंगे सफलता के मंत्र

**मुंबई।** TiE बैंगलोर ने घोषणा की है कि टेनिस के महान खिलाड़ी आंद्रे आगासी आगामी ꣲए ग्लोबल समिट 2024 में प्रमुख वक्ता होंगे। यह प्रतिष्ठित आयोजन 11 दिसंबर को बेंगलुरु और 12 दिसंबर को मैसूरु में होगा। इसमें दुनियाभर के उद्यमी, इनोवेटर्स और विचारशील नेता एक साथ जुटेंगे। आंद्रे आगासी का जीवन दृढ़ता और दोबारा खड़े होने की कहानी है। टेनिस कोर्ट पर ओलंपिक और ग्रैंड स्लैम विजेता बनने से लेकर, कोर्ट के बाहर एक लेखक और प्रेरणादायक लीडर तक का उनका सफर हर उद्यमी के लिए प्रेरणादायक है। समिट के दौरान प्रतिनिधियों को आगासी के शब्दों में उनकी नए सिरे से शुरूआत और चुनौतियों पर जीत की कहानियां सुनने का अनोखा अवसर मिलेगा। उनका जीवन अनुभव नेतृत्व और उद्यमिता के लिए बहुमूल्य सीखों से भरा है, जो हर व्यवसायी के लिए प्रासंगिक रहेगा। इस भव्य आयोजन के आधिकारिक क्यूरेटर के रूप में ꣲꣲ की भागीदारी इसे और खास बनाएगी। ꣲꣲ (www.inktalks.com) इस साल ꣲए ग्लोबल समिट 2024 का आधिकारिक क्यूरेशन पार्टनर होगा। ꣲꣲ की जानी-मानी क्यूरेटर लक्ष्मी प्रतुरी और उनकी उत्साही टीम समिट के सत्रों को खास अंदाज में तैयार करेंगी। उनकी विशेषज्ञता इस साल के थीम पुटिंग आंत्रप्रेन्योरशिप फर्स्ट पर आधारित दिलचस्प सत्रों को रोचक और प्रेरक बनाएगी। इस बार का समिट मुख्य रूप से उद्यमिता में नवाचार, भविष्य के व्यवसाय और तेजी से बदलती दुनिया में सफलता के नए मायनों पर केंद्रित होगा। ꣲꣲ की मशहूर कॉन्फ्रेंस भी समिट का हिस्सा होगी, जिसमें नवाचार और प्रभाव से जुड़े अनूठे पैनल डिस्कशन और संवाद सत्र आयोजित होंगे। आगंतुकों को ꣲꣲ के पविलियन में अद्भुत अनुभव मिलेगा, जहां दुनिया के अग्रणी लोग अपने नवाचार और सफलता की कहानियों को साझा करेंगे। यह भागीदारी आगंतुकों को प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें यह समझने का मौका देगी कि भविष्य की सफलता और साझा विकास किस तरह आकार ले सकते हैं।

## भारत में पहली बार टर्माइट बैटिंग सर्विस और इनोवेटिव गोल्डसील सर्विस-4डी की शुरूआत

**मुंबई।** भारत में पेस्ट कंट्रोल सेवाएँ उपलब्ध कराने वाली प्रमुख कंपनी, रेन्टोकिल पीसीआई को इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है, जिसने आज अपार हर्ष के साथ पेस्ट कंट्रोल इंडस्ट्री में नई मिसाल कायम करने वाली अपनी दो अग्रणी सेवाओंः एंटी-टर्माइट फोर्ट्रेस (टर्माइट बैटिंग सर्विस) और 4डी(कॉकरोच सर्विस) के शुभारंभ की घोषणा की। दोनों ही सेवाएँ इनोवेशन के मामले में सबसे आगे हैं, जिससे यह जाहिर होता है कि रेन्टोकिल पीसीआई अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबिलिटी पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ इस उद्योग में नए मानक स्थापित करने के अपने संकल्प पर कायम है। एंटी-टर्माइट फोर्ट्रेस दीमकों को लुभाकर उनका सफाया करने वाली सेवा है, जिसे सेंट्रल इन्सेक्टीसाइड बोर्ड ने अपनी मंजूरी दी है। यह सेवा घर के मालिकों के अलावा आर्किटेक्ट्स, बिल्डरों तथा कंस्ट्रक्शन कंपनियों को किसी परेशानी के बिना, बेहद किफायती तरीके से और तोड़-फोड़ के बगैर इस समस्या का समाधान उपलब्ध कराती है। पारंपरिक तरीकों में ड्रिलिंग और केमिकल इंजेक्शन की जरूरत होती है, लेकिन इसके विपरीत टर्माइट बैटिंग सर्विस में घर की महत्वपूर्ण जगहों पर बैटिंग स्टेशनों का उपयोग किया जाता है, जिन्हें जमीन के अंदर और ऊपर दोनों जगहों पर रखकर सीधे दीमकों की कॉलोनियों को निशाना बनाया जाता है, जो उनका मुख्य स्रोत है। इन बैट स्टेशनों में सेल्यूलोज-आधारित सामग्रियों का उपयोग किया जाता है जो कुदरती तौर पर दीमक का चारा होता है, जिससे आस-पास के इकोसिस्टम को कोई नुकसान नहीं होता है और दीमकों की कॉलोनियों पूरी तरह सफाया कर पाना संभव होता है। यह तरीका पर्यावरण के अनुकूल है, जो परिवारों, पालतू जानवरों और पर्यावरण की हिफाजत करने के साथ-साथ लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है।

## कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को दिवाली बोनस मिलेगा

कल्याण। महायुति सरकार ने कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को खुशखबरी दी है। इसके मुताबिक, इस साल कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका अधिकारियों और कर्मचारियों को दिवाली पर 19, 500 रुपये का बोनस मिलेगा। मंत्री रवींद्र चव्हाण के फॉलोअप के बाद महायुति सरकार ने इस बात का फैसला कल सुबह हुई कैबिनेट की बैठक में महायुति सरकार ने लिया है. कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका के वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान में महानगरपालिका अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 963.61 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है और अधिकारियों और कर्मचारियों को



बोनस इसी राशि में से दिया जाएगा।

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका में से सभी स्थायी अधिकारी/ कर्मचारी, प्रतिनियुक्ति पर रहे अधिकारी (माननीय आयुक्त को छोड़कर), दैनिक/निश्चित वेतन, मौसमी, निश्चित वेतन, वेतनमान में अस्थायी कर्मचारी, परिवहन, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी, बाल विहार शिक्षक/सेविकाएँ /दाइयां, सर्व शिक्षा अभियान के तहत काम करने वाले कर्मचारी, सामुदायिक आयोजक/प्रबंधक, एनयूएचएम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्य बल, कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्य बल, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्य बल, कोविड-19 भर्ती के तहत कर्मचारी, थोकपगारी(ड्रेसर, स्टाफ नर्स, दाइयां), आपदा प्रबंधन अधिकारी, सहायक, सरकारी एमपीडब्ल्यू, 27 ग्राम सेवक, संविदा चालक आदि कर्मचारियों को इस फैसले का लाभ मिलेगा। महाराष्ट्र के लोक निर्माण मंत्री और डोंबिवली विधानसभा क्षेत्र के विधायक रवींद्र चव्हाण ने इन अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए दिवाली बोनस दिलाने के लिए लगातार प्रयास किया था। समझा जाता है कि इस फॉलोअप के बाद ही महायुति सरकार ने उक्त निर्णय लिया है।

कल्याण-डोंबिवली शहर और इस शहर के नागरिकों के लिए महानगरपालिका के अधिकारियों के लिए पूरे साल अपना कर्तव्यनिष्ठ होकर काम करते हैं। एक डोंबिवलीकर नागरिक होने के नाते उनकी मेहनत का कुछ हद तक बदला चुकाने की हम लगातार कोशिश कर रहे थे। उन्ही कोशिशों के फलस्वरूप महायुति सरकार ने इन अधिकारियों और कर्मचारियों को दिवाली बोनस देने का फैसला किया है। हमें खुशी है कि इस फैसले से इन कर्मचारियों की दिवाली और भी मीठी हो जाएगी।

## उद्यान विभाग से नगद मूल्य पर किसानों को मिलेगा आधारित आलू बीज

**जौनपुर।** कार्यालय ज़िला उघान अधिकारी जौनपुर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि उद्यान विभाग जौनपुर को 300 कुन्तल आलू बीज का लक्ष्य आवंटन प्राप्त हुआ है। जिसे नगद मूल्य पर प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर आलू बीज देय होगा। वितरण हेतु आलू बीज विवरण निम्नवत है। जिसमें क्र.सं. आलू बीज की प्रजाति–श्रेणी–-बीज का आकार आवंटित बीज की मात्रा कु. में ) रू. 500 प्रति कुन्तल की छूट के उपरान्त प्रति कुन्तल निर्धारित विक्रय दर सोध संस्थाओं एवं सरकारी संस्थाओं को छोड़कर निर्धारित है।

जिसमें कु० सिन्दूरी आधारित प्रथम सीड साइज 95 कु० 2995.00, कु० बहार आधारित प्रथम ओवर साइज 30 कु० 2270.00, कु० चिपसोना-1 आधारित प्रथम सीड साइज 30 कु० 2995.00, कु० पुखराज आधारित प्रथम सीड साइज 70 कु० 2995.00, कु०पुखराज आधारित प्रथम ओवर साइज 50 कु० 2270.00 एवं कु० बादशाह आधारित प्रथम सीड साइज 25 कु० 2995.00 है। जिसका योग 300 कु०है। इच्छुक कृषक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। कृषक किसी भी प्रकार की जिज्ञासा हेतु प्रभारी जसपाल सिंह के दूरभाषा नम्बर-8009664663 व 8795019712 पर सम्पर्क कर सकते है।

## अपना दल एस पार्टी ने डा. सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया

रामपुर, जौनपुर। आज उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर स्थित मड़ियाहूं विधानसभा के गौरीशंकर के मैदान डा. सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस पर 10 लोगों को पार्टी का सक्रीय सदस्य बनाकर बनाकर उनकों श्रद्धांजलि दी गयी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद डा.नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल रहे। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव माता बदल तिवारी व सुरभि गंगवार रही तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष लालबहादुर पटेल व संचालन योगेंद्र पटेल ने किया। मुख्य अतिथि ने डा.सोनेलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया और कहा कि सोनेलाल पटेल हमेशा शोषितो,बंचितों,गरीबों और कमेरा समाज कि लड़ाई लड़ते हुये इस



संसार से चले गये। लेकिन आज भी उनके अधूरे मिशन को बहन अनुप्रिया पटेल सड़क से संसद तक लड़ रहीं है। एक दिन उनके सपनो को जरूर पूरा करेंगे, एक दिन यही गौरीशंकर के लोगों ने डाक्टर साहब को सिक्कों से तौला था। माताबदल तिवारी ने कहा कि मैं उनके साथ चला हूँ वे उत्तर प्रदेश के हर जिले के हर पटेल गांव में गये थे। सोने लाल पटेल की 2009 में कानपुर में एक दुखद सड़क दुर्घटना हुई था। उनकी बेटी अनुप्रिया पटेल ने घटना की सीबीआई जांच की मांग की थी। सुरभी गंगवार ने कहा कि डॉक्टर साहब इस दुनिया से दीपावली के दिन चले गये। लेकिन आज भी उनकी बेटी अनुप्रिया पटेल उनके मिशन को पूरा कर रही है। इस अवसर पर चन्द्रशेखर पटेल, राजनाथ पटेल, उदय प्रताप पटेल, रामउजागिर मौर्या, राजेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य ललई सरीज, सुनीता वर्मा, विजय मौर्या, सुरेश पटेल, राकेश पटेल, संजू पटेल, डा. मनीष यादव, डा. अरुण पटेल, राकेश, मिश्रा, नितेश पाठक, सभाजीत पटेल, सुधाकर पटेल, नवदीप पटेल, सुनील पटेल, अनिल पटेल, सार्जन, पटेल, डा. रमाशंकर पटेल, रवि पटेल, तूफानी पटेल, बचाऊ पटेल, कनैयालाल पटेल, इस कार्यक्रम में हजारो लोग उपस्थित होकर डा. सोनेलाल पटेल को श्रद्धांजलि दिये।

## क्रॉम्पटन ने पेश किया विन प्लस

**पटना (उत्तरशक्ति)।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, जो अपनी गुणवत्ता, भरोसेमंदता और स्थायित्व के लिए प्रसिद्ध है, ने हाल ही में अपने नए घरेलू विन प्लस वॉटर पंप लॉन्च किए हैं। ये पंप खासतौर पर गांवों और छोटे कस्बों में पानी की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए हैं। दो मंजिला घरों में पानी पहुंचाने के लिए ये पंप विश्वसनीय और प्रभावी समाधान देते हैं, साथ ही बेहतरीन परफॉर्मेंस और सुविधा भी प्रदान करते हैं। क्रॉम्पटन विन प्लस में कई शानदार फीचर्स दिए गए हैं, जो इसे बेहतरीन परफॉर्मेंस और लंबे समय तक टिकाऊ बनाते हैं। इस पंप पर खास कोटिंग की गई है, जो इसे जंग से बचाकर इसकी उम्र बढ़ाती है। मोटर को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह जाम नहीं होती और हमेशा भरोसेमंद तरीके से चलती है। एंटी-ड्रिप एडाप्टर फीचर पानी को मोटर में जाने से रोकता है, जिससे मोटर जलने का खतरा नहीं रहता। यह पंप अलग-अलग वोल्टेज पर काम कर सकता है, जिससे इसे कई जगहों पर आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। थर्मल ओवरलोड प्रोटेक्टर फीचर पंप को ज्यादा गर्म होने से बचाता है। एफ क्लास इंसुलेशन में ज्यादा तापमान सहने की क्षमता है, जिससे मोटर सुरक्षित रहती है। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में होम इलेक्ट्रिकल्स और पंप के उपाध्यक्ष और बिजनेस हेड रजत चोपड़ा ने विन प्लस की लॉन्चिंग पर कहा, ꣲक्रॉम्पटन का हमेशा से नए-नए प्रॉडक्ट्स लॉन्च करने का लंबा इतिहास रहा है।

## देश की छवि को धूमिल कर रही कांग्रेस



**मुंबई।** मुंबई कांग्रेस ने एक पूर्व भारतीय गुप्तचर अधिकारी पर तथ्यहीन आरोप लगाते हुए ट्वीट किया था। जिस पर मुंबई भाजपा सचिव प्रतिक कर्पे ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए कहा कि भारत को तोड़ना ही कांग्रेस की नीति है। इसी पृष्ठभूमि में मुंबई कांग्रेस ने ट्वीट को डिलीट कर दिया। कर्पे ने कहा कि बांटो और राज करो की नीति पर चलने वाली कांग्रेस का उद्देश्य ही भारत को बांटना है। अमेरिकी न्याय विभाग ने एक पूर्व भारतीय गुप्तचर अधिकारी पर खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। इसे कांग्रेस द्वारा समर्थन देना देश के लिए बेहद घातक है। देश के विभाजन के लिए जिम्मेदार कांग्रेस और उनके नेता देश की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा निकालने वाले भारत तोड़ो के मार्ग पर चल रहे हैं। देश के लिए लड़ने वाले बहादुरों पर संशय कर उन्हें बदनाम करने का काम कांग्रेसी कर रहे हैं।

## बकरी को लेकर हुआ विवाद मुकदमा दर्ज इसके बाद थाने का किया गया घेराव व प्रदर्शन

**बिलरियागंज (उत्तरशक्ति)** । आजमगढ़ स्थानीय थाना क्षेत्र के भटौली गांव के साधु भट्ट पुत्र अच्छैबर निवासी के खेत में सुनील, अजीत राजभर व अनिल राजभर ,की बकरी खेत में खा रही थी यह देखकर साधु ने बकरी को भाग रहे थे उसी समय अजीत राजभर, सुनील राजभर, अनिल राजभर ,उसी के इर्द-गिर्द पर क्रिकेट खेल रहे थे तो बल्ला लेकर साधु भट्ट को मरने लगा स्थानीय लोगों की मदद से उनको छुड़ाया गया पीड़िता ने थाने में तहरीर दिया और मुकदमा दर्ज हो गया इसी दौरान तीसरे दिन पुलिस ने अजीत के घर पहुंची और कानूनी प्रक्रिया कर रही थी। पर घर पर ही लोगों ने पुलिस से छीना झपटी किया इसके बाद 20 25 की संख्या में आकर थाना बिलरियागंज में भी पुलिस के साथ लोगों ने अभद्रता किया पुलिस का आरोप है कि यह लोग हम लोगों से मारपीट करते हुए भाग गए तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है वहीं 11 नामजद कुछ अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है इसकी सूचना पर सीओ सगड़ी रात में ही थाना परिसर में आ गए और फिर कुछ दुर तक चक्रमण किया इस संबंध में जब थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह से पूछा गया तो उसने बताया कि थाना पर हाथा पाई में मेरे एक कांस्टेबल दीपक को हलकी चोट लगी हुई जिसका इलाज आजमगढ़ में हो रहा है।

## शहीद संग्रहालय में पर्यटन विभाग का कार्यालय बना तो जेल भरो आंदोलन




शिव कुमार प्रजापति

**देवरिया( उत्तरशक्ति)।** शहीद संग्रहालय में यदि पर्यटन विभाग का कार्यालय बना तो होगा आंदोलन ज्ञात हो कि शहीद रामचंद्र विद्यार्थी स्मारक में बन रहे पर्यटन कार्यालय पर तत्काल रोक नहीं लगा तो दक्ष सेना सहित तमाम पार्टियां आंदोलन करेंगी। उक्त बातें देवरिया जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री हेतु प्रेषित पत्र ज्ञापन सौपने के बाद प्रेस वार्ता में दक्ष सेना प्रमुख वीरेंद्र प्रजापति वीरू ने कहीं।उन्होंने कहा कि अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी संग्रहालय पर कोई आंच आएगा तो हम सभी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगें। पिछले तीन दिनों से प्रजापति समाज के लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल किया जा रहा है। उक्त अवसर पर डॉ संजीव प्रजापति राम बचन प्रजापति पूर्व विधायक तिंदवारी ब्रिजेश प्रजापति , संदेश विजय प्रजापति ,राजू जी,आदित्य जी, ऋषिजी , ज्वाला प्रजापति , रामानंद ,बलजीत सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड स्वामित्व के मुकदमे में टैफे के पक्ष में आई अंतरिम निषेधाज्ञा

मुंबई। मैसी फर्ग्यूसन के ब्रांड स्वामित्व अधिकारों पर विवाद में टैफे (TAFE) ने एजीसीओ (AGCO) की सहायक कंपनी मैसी फर्ग्यूसन कॉर्पोरेशन के खिलाफ माननीय मद्रास उच्च न्यायालय में एक सिविल मुकदमा दायर किया था, जिसमें यह दावा किया गया था कि उक्त ट्रेडमार्क विशेष रूप से भारत में टैफे (TAFE) का प्रतीक है और यह विशेष रूप से टैफे (TAFE) के स्वामित्व में है तथा यह घोषित करने की मांग की गई थी कि भारत में मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड/ट्रेडमार्क का स्वामित्व टैफे (TAFE) के पास है। इसने एजीसीओ के मैसी फर्ग्यूसन कॉर्पोरेशन और उनके प्रतिनिधियों को किसी भी तरह से एमएफ ब्रांड/ट्रेडमार्क पर टैफे (TAFE) के विशेष उपयोग में हस्तक्षेप करने और मुकदमे का निपटान होने तक खुद को मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड/ट्रेडमार्क का मालिक/स्वामी/अधिकार धारक आदि के रूप में प्रस्तुत करने से रोकने के लिए अंतरिम निषेधाज्ञा मांगी थी। उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद, कल (17.10.2024) सुनाए गए अंतरिम आदेश द्वारा टैफे (TAFE) के पक्ष में उपरोक्त निषेधाज्ञा राहतें प्रदान कीं। माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश का विवरण शीघ्र ही अपेक्षित है। टैफे (TAFE) - ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, 1960 में चेन्नई, भारत में निगमित एक भारतीय ट्रैक्टर कंपनी है। यह दुनिया का एक सबसे बड़ा ट्रैक्टर निमार्ता और भारत में मात्रा के हिसाब से दूसरा सबसे बड़ा ट्रैक्टर निमार्ता है। टैफे (TAFE) की सालाना 180,000 से अधिक ट्रैक्टरें बिकती हैं।

## मुलुंड कालोनी में महर्षि वाल्मिकी जयंती का आयोजन



मुंबई। मुलुंड कॉलोनी मुलुंड पश्चिम में बहुजन विकास संघ के महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार कजानिया ने महर्षि वाल्मीकि जयंती का आयोजन मुलुंड कालोनी में किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नरेश बोहित, राष्ट्रीय महासचिव नरेश भगवाने, मा.नगर सेविका श्रीमती रजनी केणा,नरेश चौहान ( वार्ड अध्यक्ष),कांग्रेस पार्टी 108 के ब्लॉक अध्यक्ष विठ्ठल सातपुते, आरपीआई के मुलुंड तालुका अध्यक्ष,सुनील इंगले,संघटक प्रमुख दयाभाई दुषिंग, आठवले गट के 108, वार्ड अध्यक्ष प्रभाकर कांबले और उनके साथ आए सभी कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी मुंबई के महासचिव रमाशंकर तिवारी और अमरनगर के समाज सेवक संजय देशपांडे, राजेश उदयवीर चौहान उपस्थित रहे। आए हुए सभी अतिथियों का लीना विनोद कजानिया,ने पुष्पगुच्छ देकर सत्कार किया।

## ऑनलाइन शिक्षा में चुनौतियों एवं सम्भावनाओं पर कॉलेज विद्या ने रिपोर्ट जारी की

**मुंबई।** ऑनलाइन शिक्षा के अवसरों को सुगमता से जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध संस्था कॉलेज विद्या ने ₹द डिजिटल एजुकेशन फ्रंटियर₹ नामक एक रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट विद्यार्थियों एवं कामकाजी व्यक्तियों के बीच ऑनलाइन शिक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं उनके बीच शिक्षा के इस नवीन स्वरूप की स्वीकार्यता के अध्ययन पर आधारित है। यह रिपोर्ट ऑनलाइन शिक्षा के फायदे, चुनौतियां एवं जन सामान्य में इसके विभिन्न आयामों के प्रति समझ पर आधारित है। इन तमाम पहलुओं के साथ-साथ इस अध्ययन में ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से पठन-पाठन के बदलते स्वरूप की भी चर्चा की गई है। इस अध्ययन में शामिल 5000 से भी अधिक प्रतिभागियों के अनुसार ऑनलाइन शिक्षा के दो सबसे महत्वपूर्ण फायदे भौगोलिक सीमाओं का खत्म होना एवं समय की बचत है। लगभग 82% विद्यार्थियों एवं 66.2% कामकाजी व्यक्तियों ने अपनी सुविधा अनुसार किसी भी समय एवं किसी भी स्थान से पढ़ाई कर पाने के अवसर की सराहना की है। वही 81% विद्यार्थियों एवं 71.01% कामकाजी व्यक्तियों ने ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से समय के बेहतर प्रबंधन को वरीयता दी। ऑनलाइन शिक्षा के अन्य फायदों में इसकी सामान्य लागत (69% विद्यार्थियों एवं 51.9% कामकाजी व्यक्तियों के द्वारा स्वीकृति), सुविधाजनक उपस्थिति के मानक एवं शिक्षा के वैश्विक संसाधनों तक सुलभता से पहुँच शामिल है।

कॉलेज विद्या के सीओओ रोहित गुप्ता ने कहा ,शिक्षा का भविष्य निसंदेह डिजिटल संसाधनों एवं तकनीक पर निर्भर होने वाला है लेकिन फिर भी इसे सभी व्यक्ति तक पहुंचाने एवं इसकी स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए

## मुंबई और महाराष्ट्र में टर्म इंश्योरेंस में 36% की वृद्धि




मुंबई। भारत के प्रमुख ऑनलाइन इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म पॉलिसीबाजार ने आज एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुंबई और महाराष्ट्र में टर्म इंश्योरेंस से जुड़ी ताजा जानकारियों का खुलासा किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के डायरेक्टर प्रदीप यादव ने किया। उन्होंने टर्म इंश्योरेंस क्षेत्र में ग्राहकों के व्यवहार और इंश्योरेंस कवर चुनने की प्राथमिकताओं से जुड़े महत्वपूर्ण रुझानों को साझा किया। इन आंकड़ों के अनुसार इंश्योरेंस के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और लोग अब अपने परिवार के लिए वित्तीय सुरक्षा को ज्यादा गंभीरता से ले रहे हैं। पॉलिसीबाजार डॉट कॉम के डायरेक्टर, प्रदीप यादव ने कहा, देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में अब हाई-वेल्यू वाली टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी के चलन में वृद्धि देखी जा रही है। शहर और राज्य के लोग उनके परिवारों को पर्याप्त कवरेज के साथ सुरक्षित रखने की आवश्यकता को पहचान रहे हैं, जो उन्हें अचानक आने वाली वित्तीय चुनौतियों से बचाता है। पॉलिसीबाजार हर कदम पर उनके साथ है - पॉलिसी खोजने से लेकर खरीदारी के लिए सबसे अच्छा विकल्प चुनने तक और खासतौर पर, क्लेम के दौरान भी पॉलिसीबाजार अपने ग्राहकों की पूरी मदद करता है। महाराष्ट्र उच्च खरीदार इरादे वाला एक मजबूत बाजार हैः पिछले साल की तुलना में टर्म इंश्योरेंस खरीद में 36% की बढ़ोतरी के साथ मुंबई और महाराष्ट्र टर्म इंश्योरेंस के लिए मजबूत बाजार के रूप में उभरे हैं। यह वृद्धि दशार्ती है कि खरीदार उच्च-मूल्य वाली पॉलिसियों का विकल्प चुन रहे हैं, जो व्यापक कवरेज के महत्व की गहरी समझ को दशार्ता है। यह एक ऐसी बढ़ती प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है जहां ग्राहक अपनी जीवनशैली और लंबे समय के लक्ष्यों के अनुसार वित्तीय सुरक्षा को सक्रिय रूप से तलाश रहे हैं। उपभोक्ता जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धिः महाराष्ट्र में टर्म इंश्योरेंस अपनाने में तेजी आई है, जो उपभोक्ता ट्रैफिक में 23% की प्रभावशाली वृद्धि से प्रेरित है, औ? यह बढ़ती जागरूकता को दशार्ता है। पॉलिसीबाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र में ज्यादा लोग अपनी टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी में रुचि ले रहे हैं, अपने विकल्पों की जांच कर रहे हैं और बेहतर जानकारी के साथ फैसले कर रहे हैं। यह जागरूकता उन्हें अधिक बीमा राशि वाली पॉलिसियों की ओर आकर्षित करने में मदद कर रही है।

## विभिन्न धर्मों के बीच एकजुटता की भावना के साथ लोनावला के कैवल्यधाम में राष्ट्रीय योग सम्मेलन का आयोजन



**मुंबई।** 'योग सांस्कृतिक समरसता का साधन और इसके आध्यात्मिक पहलु' के विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करने के लिए विभिन्न धर्मों के आध्यात्मिक गुरु एकजुट हुए हैं। यह दो दिवसीय कार्यक्रम है, जिसका उद्घाटन आज 18 अक्टूबर, 2024 को लोनावला के कैवल्यधाम में हुआ। इस कार्यक्रम में जैन, हिंदू, बौद्ध, इस्लाम, ईसाई और पारसी धर्मों के आध्यात्मिक गुरुओं ने भाग लिया, जिन्होंने योग के बारे में चर्चा की और अपने-अपने विचार साझा किए। सूरतगिरी बांग्ला, हरिद्वार के अध्यक्ष और संन्यास आश्रम, मुंबई के अध्यक्ष स्वामी विश्वेश्वरानंद जी गिरि, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित जैन धर्मगुरु, अहिंसा विश्व भारती के संस्थापक अध्यक्ष, परम पूज्य आचार्य लोकेश मुनि जी; तिब्बती बौद्ध लामा एवं चोक्योंग पालगा चैरिटेबल इंस्टीट्यूट के आध्यात्मिक वक्ता, परम पूज्य चोक्योंग पालगा रिनपोछे; द योगा इंस्टीट्यूट, मुंबई की अध्यक्ष, माँ हंसा जी योगेन्द्र, तथा, शताब्दी समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, सुरेश प्रभु की गरिमामयी उपस्थिति में इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन हुआ। कैवल्यधाम के अध्यक्ष, डॉ. ओ.पी. तिवारी ने उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की और परम पूज्य रिनपोछे ने मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया। बिहार योग विद्यालय के पद्म भूषण परमाचार्य परमहंस स्वामी निरंजनानंद जी सरस्वती की उपस्थिति में समापन समारोह के साथ दो दिनों का यह सम्मेलन समाप्त होगा।

## बच्चों के विवाद में दो पक्षों में जमकर पथराव

**अमरोहा (उत्तरशक्ति)।** डिडौली क्षेत्र में बच्चों में विवाद के बाद भवालपुर माफी गांव में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। एक दूसरे पर पथराव किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ते हालात संभाले। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। मामले में दोनों पक्ष के 28 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों में पांच महिलाएं भी शामिल हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। भवालपुर माफी गांव डिडौली कोतवाली क्षेत्र का है। यहां पर अख्तर और खैराती के परिवार रहते हैं। बृहस्पतिवार को दोनों परिवारों के बच्चों के बीच खेलते समय झगड़ा हो गया था। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले तो जमकर लाठी डंडे चले। इसके बाद दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव होने से गांव के अन्य लोगों में दहशत फैल गई।

## भारत की पहली बायोपिक फिल्म जिसमें सिर्फ मर्दों ने किया था काम, आग लगने की वजह से खो गई थी मूवी



**नई दिल्ली।** ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लड़ने वाले बैरिस्टर सी शंकरन नायर (C Sankaran Nair) पर बायोपिक बन रही है, जिसका निर्माण करण जौहर ((Karan Johar) कर रहे हैं। यूं तो बड़े पर्दे पर खूब बायोपिक बन चुकी है, लेकिन क्या आपको भारत की पहली हिंदी बायोपिक फिल्म के बारे में पता है? इस आर्टिकल में हम आपको भारत की पहली हिंदी बायोपिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 111 साल पहले सिनेमाघरों में आई थी और इसने इतिहास रच दिया था। बात उस दौर की है, जब फिल्म इंडस्ट्री स्थापित नहीं हुई थी। उस वक्त दादासाहेब फाल्के (Dadasaheb Phalke) को एक फिल्म बनाने का आइडिया आया, जिसका नाम राजा हरीश्चंद्र (Raja Harishchandra) है। यह भारत की पहली फीचर फिल्म ही नहीं, बल्कि पहली बायोपिक मूवी भी है। राजा हरीश्चंद्र एक मूक फिल्म थी, जो साल 1913 में रिलीज हुई थी। इसका निर्माण और निर्देशन दादासाहेब ने ही किया था। यह फिल्म हरीश्चंद्र पर आधारित थी। आपको सुनकर थोड़ा अजीब लगेगा लेकिन राजा हरीश्चंद्र में सिर्फ मेल एक्टर्स ने ही लीड रोल निभाया था। हरीश्चंद्र की भूमिका में दत्तात्रय दामोदर दाबके नजर आए थे, जबकि उनकी पत्नी तारामती का किरदार जिसने निभाया था, वो कोई महिला नहीं बल्कि एक्टर अन्ना सलुंके (Anna Salunke) थे। बाकी सारी कास्ट गजानन वासुदेव साने, दत्तात्रय तेलांग, गनपत जी शिंदे, विष्णु हरी औंधकर और नाथ टी तेलांग समेत सभी मेल स्टार्स थे।

## प्रदेश मीडिया प्रभारी सच्चिदानंद तिवारी की बेटी ने किया नाम रोशन



जौनपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, लखनऊ के प्रदेश मीडिया प्रभारी सच्चिदानंद तिवारी की बेटी स्वाती तिवारी ने नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्वाती तिवारी के दादा रामसागर तिवारी प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत हो चुके हैं। उनके चाचा कैप्टन डॉक्टर सुनीलकांत तिवारी तथा प्रधानाध्यापक जितेंद्र तिवारी समेत पूरे परिवार में जश्न का माहौल है। स्वाती की सफलता पर वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री तथा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पत्रकार प्रमोद पांडे, प्रधानाचार्य शिव शंकर तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष राय साहब यादव, ब्लॉक अध्यक्ष उमेश मिश्र, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद यादव, सतीश मिश्र, राजेंद्र मिश्र समेत अनेक लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उसे बधाई दी है।

## दोनों किडनी खराब, आयुष्मान फेल, सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट ने की सहयोग की अपील



**मऊ (उत्तरशक्ति)।** हसनपुर जजौली, मधुबन मऊ निवासी अच्छेलाल प्रजापति जिनकी दोनों किडनी खराब है। डायलिसिस पर चल रहे हैं घर में मात्र दो बेटियां है। आमदनी बिलकुल बंद है, जो जमा पूँजी थी वो भी खत्म हो गयी। स्थानीय निवासी नितिन प्रजापति ने मुंबई के सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट के संस्थापक अजय प्रजापति को पूरे मामले की जानकारी से अवगत कराया और तत्काल जानकारी सत्यपित करते हुए संस्था के सहयोगियों ने डॉ अरुण प्रजापति, विनोद प्रजापति, इंद्रजीत प्रजापति, पियूष प्रजापति, केवलनाथ राम, राजेंद्र प्रजापति एवं अन्य सभी ने मिलकर लोगो से अपील किया की इस विकट परिस्थिति में आप सभी यथासंभव आर्थिक सहयोग करें। काफी लोग 100 से 500 तक की धनराशि सहयोग करने मे जुट गए। सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट के संस्थापक अजय प्रजापति के माध्यम से अभी इसी माह मे ग्रेजुएशन के लिए बलिया निवासी प्रियंका प्रजापति को भी पढ़ाई के लिए आर्थिक सहयोग कर रहे है। सबसे बड़ी बात यह है की जो भी सदस्य संस्था के साथ जुड़े है निरंतर सेवा भाव के साथ निःस्वार्थ जब भी जरुरत पड़ती है सैकड़ो लोग सहयोग करने के लिए आगे आते है और यथासंभव मदद करते है। अजय प्रजापति ने अपील किया है को छोटेलाल के इलाज के लिए सरकार से कोई लाभ नहीं मिल रहा है। अतः हम सबको आगे आकर कुछ न कुछ सहयोग करना है। पूर्व में भी अब तक सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट ने कई लोगो को इसी तरह मदद किया है।

## कैनन इंडिया के कैमरों की विस्तृत श्रृंखला का अनावरण




मुंबई। डिजिटल इमेजिंग समाधान के अग्रणी प्रदाता कैनन इंडिया ने ब्रॉडकास्ट इंडिया शो 2024 के 33वें संस्करण में अपने सबसे व्यापक और आकर्षक बूथ का अनावरण किया। यह शो 17 से 19 अक्तुबर तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जा रहा है। कैनन ने सिनेमा और पेशेवर वीडियो से लेकर मिररलेस और पीटीजेड कैमरों के साथ-साथ आरएफ और सिने लेंस की एक विस्तृत श्रृंखला तक, एक ही छत के नीचे इमेजिंग समाधानों के अपने पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करने का अवसर लिया। इस बूथ के उद्घाटन के मौके पर हिंदी और बांग्ला फिल्म सिनेमैटोग्राफर सुदीप चटर्जी मौजूद थे. कैनन इंडिया की भागीदारी पर टिप्पणी करते हुए, अध्यक्ष और सीईओ तोशियाकिनोमुरा ने कहा, कैनन इंडिया में, हम वीडियो-फर्स्ट रणनीति अपनाते हैं, जिसमें आधुनिक उत्पाद और समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है जो वीडियो उद्योग की गतिशील और लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं। हम उद्योग के पेशेवरों की जबरदस्त प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं और वीडियो और प्रसारण क्षेत्र के भविष्य को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तत्पर हैं।"

## मोदी काशी सहित देशवासियों को देंगे 6600 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

-सुरेश गांधी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 अक्तूबर को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आयेंगे। इस दौरान वे काशीवासियों को 3254.03 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। 15 परियोजनाओं का लोकार्पण और दो का शिलान्यास करेंगे। वाराणसी के अलावा छह अन्य जिलों को एयरपोर्ट परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। यानी काशी सहित देशवासियों को 600 करोड़ से अधिक की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री सिगरा स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम के कार्यक्रम व जनसभा की तैयारी जोरों पर है।

खासकर उनके स्वागत को भव्य एवं दिव्य बनाने की तैयारी है। बीजेपी काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल के मुताबिक प्रधानमंत्री




हरियाणा विधानसभा में प्रचंड जीत के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचेंगे। ऐसे में पीएम का स्वागत विजेता के रूप में किये जाने की तैयारी है। पार्टी के कार्यकर्ता ढोल नगाड़े के साथ पुष्प वर्षा कर पीएम का स्वागत करेंगे। वाराणसी के सभी चौराहों और घरों को सजाने और संवारने की तैयारी की जा रही है। दीपावली से पहले एक ओर जहां काशी के सांसद काशी को योजनाओं परियोजनाओं का उपहार देने वाले हैं तो वहीं दूसरी ओर काशी की जनता भी तैयारी में है कि पीएम का भव्य स्वागत कर दीपावली से पहले दीपावली की खुशियां मनाएगी।

प्रधानमंत्री दोपहर 12:30 बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से वह सीधे रिंग रोड स्थित 0 करोड़ रुपये की लागत से बना आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय जाएंगे। अस्पताल का शुभारंभ करेंगे। वहां निरीक्षण के साथ कुछ लोगों से संवाद करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा पहुंचेंगे और 216.29 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करेंगे। यहीं से अन्य परियोजनाओं का भी वर्चुअल रूप से उद्घाटन व शिलान्यास किया जाएगा। शाम 6 बजे वह दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी के अलावा छह अन्य जिलों के एयरपोर्ट परियोजनाओं को भी सौगात देंगे। बागडोगरा, दरभंगा, और आगरा एयरपोर्ट पर नए सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास शामिल है, जिसकी लागत 3041 करोड़ रुपये होगी। इसके अलावा रीवा एयरपोर्ट, अंबिकापुर के महामाया एयरपोर्ट और सरसावा एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का निर्माण किया जाएगा, जिनकी कुल लागत 255.18 करोड़ रुपये है। इसके अलावा सारनाथ में पर्यटन पुनर्विकास, सीपेट परिसर में छात्रावास और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का निर्माण, शहर के 20 पार्कों का सौंदर्यीकरण, आईटीआई चौकाघाट और आईटीआई करौंदी में हाईटेक लैब का निर्माण जैसी परियोजनाएं भी शामिल हैं।

दिलीप पटेल ने पीएम के दौरे की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मोदी के काशी आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ता बेहद उत्साहित हैं। ऐसे में बाबतपुर में पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता ढोल नगाड़े, डमरू, शंखनाद के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत करेंगे। वहीं वाजीदपुर तिराहे पर विधायक टी.राम के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी का भव्य स्वागत करेंग। इसी तरह अतुलानंद तिराहे पर शिवपुर विधानसभा के कार्यकर्ता पीएम मोदी का भव्य स्वागत करेंगे।शंकर नेत्रालय से जब पीएम मोदी का काफिला जब जिले से महानगर की ओर निकलेगा तब अतुलानंद तिराहे से सिगरा स्टेडियम तक पग पग पर भाजपा कार्यकर्ता एवं काशीवासी ढोल नगाड़े, शंख नाद के बीच पुष्प वर्षा कर अपने प्रिय सांसद एवं प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काशी आगमन के पूर्व उनके यात्रा मार्ग एवं प्रमुख चौराहों को पार्टी के झंडों एवं पटको से सजाया जा रहा है। इसके अलावा 500 से अधिक छोटी बड़ी होर्डिंग भी लगायी जा रही है। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर एवं शैलेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे।

## सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र इसलिए कहलाए महादानी




राजा हरिश्चंद्र को एक सत्यवादी महादानी और धर्मपरायण राजा के रूप में याद किया जाता है। विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने धर्म और सत्य का साथ नहीं छोड़ा जिस कारण आज भी उन्हें सम्मान के साथ याद किया जाता है। ऐसे में चलिए जानते हैं उसने जुड़ी यह कथा जो हर व्यक्ति को जरूर पता होनी चाहिए। धर्म डेस्क, नई दिल्ली। सत्य की बात की जाए और राजा हरिश्चंद्र का नाम न लिया जाए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। ऐसा कहा जाता है कि भगवान श्रीहरि राजा हरिश्चंद्र को ने सत्यवादी की उपाधि दी थी लेकिन क्या आप उस कथा के बारे में जानते हैं जिसके कारण राजा हरिश्चंद्र के नाम के साथ सत्यवादी शब्द जुड़ गया। अगर नहीं, तो चलिए जानते हैं वह कथा। कथा के अनुसार, एक बार महर्षि विश्वामित्र, राजा हरिश्चंद्र की परीक्षा लेने पहुचे और उन्होंने राजा का सारा राज्य दान के रूप में मांग लिया। इसपर राजा ने अपना राज्य उन्हें खुशी-खुशी महर्षि विश्वामित्र को दान कर दिया। लेकिन इसके बाद महर्षि ने दक्षिणा भी मांगी। तब राजा हरिश्चंद्र ने खुद को और आपने पत्नी व बच्चों को भी बेचने का फैसला किया।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने महाराष्ट्र में विस्तार किया

**कल्याण।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने आज कल्याण, ठाणे महाराष्ट्र में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ, बैंक राज्य में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना जारी रखेगा, जिससे स्थानीय समुदायों के लिए बैंकिंग सेवाओं तक अधिक पहुँच सुनिश्चित होगी। इस लॉन्च के अवसर पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, ₹हमें महाराष्ट्र में अपने बैंकिंग नेटवर्क का विस्तार करके खुशी हो रही है। कल्याण, अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और बढ़ते शहरीकरण के साथ, आर्थिक विकास के लिए अपार संभावनाएं प्रदान करता है। हमारा नया बैंकिंग आउटलेट स्थानीय समुदाय को आवश्यक बैंकिंग सेवाओं तक पहुँच प्रदान करेगा, जिससे क्षेत्र में वित्तीय समावेशन और विकास में योगदान मिलेगा। बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को तमाम तरह के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान कराई जाती हैं जिनमें सेविंग और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड डिपाजिट और रेकरिंग डिपाजिट जैसी सेवाएं शामिल हैं। ग्राहकों की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक कई तरह के लोन उत्पाद- जैसे हाउसिंग लोन, बिजनेस लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध कराती है। बैंक के पास बहुत ही अच्छा बैंकिंग आउटलेट इंफ्रास्ट्रक्चर है, डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं और एटीएम का नेटवर्क है जिससे बैंक अपने ग्राहकों को हर तरह की सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसके अलावा बैंक दूसरे तरह की सुविधाएं जैसे इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और काल सेंटर की सेवाएं भी उपलब्ध कराती है।

## हस्तशिल्प मेले में जमकर हो रही जरुरत के सामानों की खरीदारी



वाराणसी। शहर के चौकाघाट मकबूल आलम रोड स्थित सांस्कृतिक संकुल मैदान में आयोजित 18 दिवसीय हस्तशिल्प (क्राफ्ट) बाजार में आठवें दिन शुक्रवार को खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। अधिकांश स्टालों पुर लोग खरीदारी करते दिखे। हर स्टॉल पर खरीदार थे तो पैर रखने की जगह नहीं थी। खुर्जा की क्राकरी, आर्टिफिशियल, फर्नीचर और फूड जोन पर लोगों का जमावड़ा लगा हुआ था। मेले में अब तक 80 लाख रुपए से ज्यादा की खरीदारी हो चुकी है। देश के विभिन्न राज्यों के दर्जनों स्टाल मेला में लगाए गए है, जिनमें बेहतरीन किस्म की हजारों हाथ से बनी कलाकृतियों का प्रदर्शनी लोगों को लुभा रही है। मेला संयोजक अमन दीप शर्मा एवं उस्मान मलिक ने बताया कि मेला प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक चल रहा है। बाजार में कोई खुर्जा की क्राकरी कप-प्लेट तो कोई वस्त्रों की खरीदारी कर रहा है। सौंदर्य संबंधित स्टाल महिलाओं को आकर्षित कर रहा है। सूट हो या फिर टाप खरीदने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। राजस्थानी अचार एवं चूरन, गुजरात का वंधेज सूट एवं बेडशीट, खादी ग्राम उद्योग वस्त्र एवं आयुर्वेदिक दवाइयां की खरीदारी के लिए लोगों का भीड़ देखा जा रही है। मेले में फर्नीचर, घर सजावट की चीजें, कपड़े, ऑर्गेनिक बॉडी केयर प्रॉडक्ट्स, पत्थर और धातुओं की बनी कलाकृतियां, ऐक्सेसरीज और गिफ्ट आइटम्स जैसी चीजों के अलावा पंजाब की फुलकारी शूट, हरियाणा की मोजड़ी जूती, राजस्थान की मीनाकारी ज्वैलरी, दिल्ली का लेदर बैग, सोफा व बेड आदि, खुर्जा की क्राकरी, उत्तराखंड की सदरी, कश्मीर के सूट व शॉल, भदोही की कालीन, सहारनपुर की फर्नीचर, पटियाला की जूती, मुरादाबादी कंबल, बनारसी सूट एवं साड़ी सहित अन्य हस्तशिल्प उत्पाद उपलब्ध है और लोग खरीदारी में मशगुल है।